


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 284 | ग्वालियर, शुक्रवार 4 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुआ बदलाव



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में आज भी बढ़ोतरी देखने को मिली. इसी के साथ भारतीय बाजार में भी तेल की कीमतों में बदलाव देखने को मिला. ब्रेंट क्रूड की कीमतों में आज (गुरुवार) को 0.36 फीसदी यानी 0.30 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी हुई. इसके साथ ही ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 83.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. जबकि ड्ब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 0.36 प्रतिशत यानी 0.29 डॉलर प्रति बैरल बढ़कर 79.78 डॉलर प्रति बैरल हो गए. गुरुवार को यूपी के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया. जबकि नोएडा समेत देश के प्रमुख पांच महानगरों में तेल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ. दिल्ली से नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आज तेल के दाम स्थिर बने हुए हैं. यहां पेट्रोल का भाव 96.65 रुपये प्रति लीटर तो वहीं डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है. इसके अलावा आगरा में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 14-14 पैसे प्रति लीटर का इजाफा हुआ है. इसके बाद यहां पेट्रोल 96.63 और डीजल 89.80 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है. यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 5 तो डीजल 4 पैसे महंगा हुआ है. अब यहां पेट्रोल का भाव 96.47 और डीजल की कीमत 89.66 रुपये प्रति लीटर हो गई है. जबकि वाराणसी में पेट्रोल-डीजल के दाम 16-16 पैसे प्रति लीटर कम हुए हैं. अब यहां एक लीटर पेट्रोल 96.89 रुपये में मिल रहा है. जबकि डीजल का भाव यहां 90.08 रुपये प्रति लीटर हो गया है. प्रयागराज में पेट्रोल के दाम 87 पैसे प्रति लीटर कम हुए हैं तो वहीं डीजल 85 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ है. इसके बाद यहां पेट्रोल 96.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है. जबकि डीजल का भाव 89.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है. गोरखपुर में पेट्रोल 53 तो डीजल 52 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ है. अब यहां इनके दाम क्रमशः 96.35 और 89.54 रुपये प्रति लीटर हो गया हैं. उधर राजस्थान के अजमेर में पेट्रोल के दाम 14 पैसे तो डीजल 12 पैसे प्रति लीटर कम हुआ है. अब यहां पेट्रोल की कीमत 108.54 और डीजल के दाम 93.78 रुपये लीटर हो गए हैं. जबकि जयपुर में पेट्रोल 32 तो डीजल 29 पैसे लीटर महंगा हुआ है. इसके बाद यहां दोनों के दाम क्रमशः 108.48 और 93.72 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं. जबकि श्रीगंगानगर में पेट्रोल 18 पैसे बढ़कर 113.11 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 16 पैसे चढ़कर 87.90 रुपये प्रति लीटर हो गया है. बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 24 पैसे कम होकर 107.24 रुपये प्रति लीटर हो गया है. जबकि डीजल की कीमत 22 पैसे कम होकर 94.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है. देश के चारों प्रमुख महानगरों में तेल के दाम आज भी स्थिर है.

### पत्नी ने दिया 7 बेटियां को जन्म! गुस्साए पति ने रची मौत की साजिश...

**नई दिल्ली।** 7 बार प्रसव.. दो बार गर्भपात.. दर्जनों बार यातनाएं! ये जिंदगानी है राजस्थान के श्रीगंगानगर में रहने वाली एक महिला की, जिसके पति को बेटे की चाह ने इस कदर अंधा कर दिया कि वो अपनी ही बेटियों को मौत देने के लिए राजी हो गया. महिला के ससुराल वालों ने न सिर्फ उसे घरेलु हिंसा का शिकार बनाया, बल्कि उसके खुद के पति ने उसे गला दबाकर मारने की कोशिश की. फिलहाल मामला पुलिस तक पहुंच गया हैं। दरअसल कुछ रोज पहले राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की रहने वाली एक महिला की शादी श्रीगंगानगर के युवक के साथ होती है. कुछ वक्त तक दोनों के सबकुछ ठीक चलता है, मगर जैसे ही उसके गर्भवती होने की खबर मिलती है, तो परिवार वाले उसपर लड़का पैदा करने का दबाव बनाने लगते हैं. 9 महीने के करीब उसका प्रसव होता है, मगर लड़की पैदा होती है. घर वाले इससे खूब नाराज होते हैं, उसे सीधे-सीधे तौर पर कई यातनाएं देते हैं.

**लड़का नहीं तो मौत**-फिर कुछ रोज बाद उसके गर्भवती होने की खबर मिलती है. इस बार ससुराल वाले साफ-साफ लड़के की फ़रमाइश करते हैं, लिहाजा अब उस महिला पर और भी ज्यादा दबाव पड़ने लगता है. मगर फिर वही होता, जिसका डर था महिला दूसरा जन्म भी लड़की को देती है. यूं ही तीसरी, चौथी, पांचवी, छट्टी और सांतवी संतान भी बेटी ही पैदा होती है. इसी बीच महिला के ससुराल वाले उसके साथ घरेलु हिंसा करते हैं, प्रसव के दो-पांच दिन बाद ही मजदूरी कराते हैं, उसपर बैटा पैदा करने का दबाव बनाते हैं, दो बार उसका गर्भपात कराते हैं, लेकिन जब फिर भी लड़का पैदा नहीं होता, तो वो उसे घर से निकाल देते हैं. बात यहीं खत्म नहीं होती, बल्कि जब एक दिन पति महिला के पास पहुंचता है और उसे बहने से घर के बाहर बुला कर गला दबा कर मारने की कोशिश भी करता है. हालांकि उस वक्त मौजूद स्थानीय लोग महिला की जान बचा लेते हैं. ऐसे में महिला कानून का दरवाजा खटखटाती है, पूरा मामला तफ्सील से पुलिस के सामने बयान करती हैं.

### भोपाल के जूनियर डाक्टर आत्महत्या मामले में एचओडी को हटाया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के स्त्री रोग विभाग की जूनियर डॉक्टर बाला सरस्वती की आत्महत्या के मामले में जूनियर डॉक्टर्स के दवाब में विभाग की प्रमुख अरुणा कुमार को हटा दिया गया है। ज्ञात हो कि बाला सरस्वती ने रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात बेहोशी के इंजेक्शन का ओवर डोज लेकर आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद उनके मोबाइल में जो सुसाइड नोट मिला था, उसमें विभागाध्यक्ष अरुणा कुमार और अन्य दो महिला चिकित्सकों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। उसके बाद से ही जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन विभागाध्यक्ष व अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए काम नहीं कर रहा था। जूडा के दवाब के चलते चिकित्सा शिक्षा विभाग को बड़ा फैसला लेना पड़ा है और अरुणा कुमार को विभागाध्यक्ष पद से हटाते हुए उनके स्थान पर डॉ. भारती परिहार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# चीन से लगी सीमा पर तीन सुरंगें बनाएगा भारत, मोदी सरकार का बड़ा प्लान

**नई दिल्ली।** सब कुछ सही रहा तो जल्द ही भारत उत्तराखंड से लगी चीन सीमा पर तीन सुरंगें बनाएगा. जिससे दो अलग-अलग घाटियों में मौजूद आईटीबीपी की दो चौकियों को आपस में जोड़ेंगी. इसके साथ ही इन सुरंगों के बनने से सीमांत इलाकों में यात्रा भी सुगम होगी. इसके लिए राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा है. इन सुरंगों के बनने से पिथौरागढ़ के जौलिंगकांग और चमोली के लप्थल के बीच की दूरी सिर्फ 42 किमी रह जाएगी. जो फिलहाल 490 किमी है. जिसके लिए करीब 57 किमी की तीन सुरंगों और 20 किमी सड़क मार्ग को बनाया जाएगा. सामरिक महत्व की इस परियोजना पर केंद्र सरकार के निर्णय के बाद काम शुरू होगा.बता दें कि इन सुरंगों के बनने से एसएसबी और आईटीबीपी के अलावा सीमांत इलाकों में रहने वाले लोगों को फायदा होगा. साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा. राज्य सरकार की ओर से केंद्र को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि इस परियोजना के बनने से राज्य के आर्थिक विकास, पर्यटन, सीमावर्ती क्षेत्रों में मानवीय गतिविधियों को बढ़ावा और पलायन रोकने में मदद मिलेगी. बता दें कि वर्तमान में पिथौरागढ़ जिले के जौलिंगकांग से बेदाग



तक की यात्रा शिमला पास होते हुए पूरी करनी होती है. ये घाटी पूरे साल बर्फ से ढकी रहती है. जहां सड़क मार्ग का निर्माण बहुत मुश्किल है. जौलिंगकांग के बीच पांच किमी सुरंग का निर्माण किया जाएगा. वहीं वेदांग से गो एवं सिपु तक 20 किमी सड़क मार्ग बनाया जाएगा. साथ ही बीआरओ एवं सीपीडब्लूडी द्वारा निर्मित तवाघाट से बेदांग तक के मार्ग को जोड़ा जाएगा. जिससे जौलिंगकांग और बेदांग की दूरी सिमट कर 161 किमी रह जाएगी. इसके अलावा सिपू से तोला तक भी सड़क निर्माण बेहद मुश्किल है. क्योंकि ये मार्ग भी पूरे साल बर्फ से ढका रहता है. सिपु से तोला के बीच 22 किमी की सुरंग बनाई जाएगी. जिससे दारमा वैली और जोहार वैली एक दूसरे से जुड़ जाएंगे. बता दें कि पिथौरागढ़ के मिलम से चमोली के लप्थल तक का मार्ग भी साल भर बर्फ से ढका रहता है. जहां सड़क मार्ग का निर्माण मुश्किल है. जिसके चलते मिलम से लप्थल तक 30 किमी लंबी सुरंग बनाई जाएगी. इस सुरंग का निर्माण होने से पिथौरागढ़ की जोहार घाटी एवं चमोली का लप्थल सड़क मार्ग से जुड़ जाएगा. बता दें कि इस परियोजना को शीघ्र शुरू करने के लिए उत्तराखंड के सीएम धामी ने पीएम मोदी से अनुरोध किया है. उन्होंने हाल ही में पीएम मोदी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार के प्रस्ताव का जिक्र किया और उसे मंजूरी दिलाए जाने का अनुरोध किया.

## निलंबित आईएएस अधिकारी को दिल्ली हाईकोर्ट का निर्देश : बंगला खाली करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के निलंबित आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय को दिल्ली में अपना आधिकारिक बंगला खाली करने का निर्देश दिया है। सरकारी आवास बनाने के लिए एक ऐतिहासिक स्मारक को ध्वस्त करने के आरोपी राय को उनके परिवार के साथ परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया था। राय को 18 अक्टूबर, 2021 से 31 मई, 2022 तक दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीईओ के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान जल विहार में एक बंगला सौंपा गया था और वर्तमान में वह मिजोरम में सचिव के रूप में कार्यरत हैं। राय की पत्नी शिल्पी उदित राय ने डीजेबी के 28 जुलाई के नोटिस को चुनौती दी थी, जिसमें उनसे 15 दिनों के भीतर बंगला खाली करने का अनुरोध किया गया था। सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों - दिल्ली सरकार के स्थायी वकील संतोष कुमार त्रिपाठी, डीजेबी के वकील और दिल्ली के मुख्य सचिव - ने मिजोरम में अपनी वर्तमान पोस्टिंग के बावजूद राय को




दिल्ली में सरकारी आवास के हकदार होने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। राय की पत्नी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि वे लागू नियमों के अनुसार घर के आवंटन के लिए प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करेंगे। यह भी आश्वासन दिया गया कि वे उचित समय सीमा में मौजूदा बंगला खाली कर देंगे। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को दो सप्ताह के भीतर अभ्यावेदन पर कार्रवाई करने और नियमों के अनुसार आवास आवंटित करने का निर्देश दिया।

### तुर्की के राष्ट्रपति ने पुतिन से काला सागर अनाज निर्यात जारी रखने का आग्रह किया

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से काला सागर से अनाज का निर्यात जारी रखने का आग्रह किया है। तुर्की के राष्ट्रपति ने एक बयान में ये बात कही। बुधवार को पुतिन के साथ एक फोन कॉल के दौरान, एर्दोगन ने इसके महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसके बंद होने से किसी को कोई फायदा नहीं होगा और कम आय वाले देशों को अनाज की जरूरत है। उनको सबसे ज्यादा कष्ट होगा। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा कि अनाज सौदे के कार्यान्वयन के दौरान अनाज की कीमतें 23 प्रतिशत कम हो गई थी, लेकिन पिछले दो हफ्तों में 15 प्रतिशत बढ़ गयी है।

### तुर्की सेना ने इराक में पीकेके के तीन आतंकवादियों को मार गिराया

**अंकारा।** तुर्की सुरक्षा बलों ने उत्तरी इराक के जैप क्षेत्र में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने यह जानकारी दी। बुधवार को तुर्की रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह



उत्तरी इराक में तुर्की सशस्त्र बलों द्वारा चल रहे ऑपरेशन क्लॉ-लॉक का हिस्सा है। जनवरी में, मंत्रालय ने कहा था कि तुर्की ने जैप क्षेत्र में लगभग सभी पीकेके आतंकवादियों का सफाया कर दिया है, सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2022 में पीकेके आतंकवादियों के खिलाफ सीमा पार ऑपरेशन क्लॉ-लॉक शुरू होने के बाद से 506 पीकेके आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया। तुर्की सुरक्षा बलों ने हाल ही में उत्तरी इराक में पीकेके के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है, विशेष रूप से समूह के मुख्य आधार कंदील पर्वत में, और कई वरिष्ठ पीकेके कैडरों को मार डाला है। तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके ने तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह छेड़ रखा है।

### अमेरिकी सीनेट में शूटर घुसे होने की सूचना के बाद किया बंद



**वाशिंगटन।** यूएस कैपिटल पुलिस ने अमेरिकी सीनेट में शूटर घुसे होने की सूचना के बाद उसे बंद कर दिया। यूएस कैपिटल पुलिस ने एक ट्वीट किया, हमारे अधिकारी एक सूचना के बाद सीनेट कार्यालय भवनों और उसके आसपास तलाशी ले रहे हैं। कृपया क्षेत्र से दूर रहें, क्योंकि हम अभी भी जांच कर रहे हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक यूएस कैपिटल पुलिस ने सीनेट की इमारतों के अंदर लोगों को छिपने के लिए कहा। यूएस कैपिटल पुलिस ने बाद में कहा कि वह सीनेट कार्यालय की इमरातों को फिर से खोलने के लिए तैयार हैं। यूएस कैपिटल पुलिस प्रमुख थॉमस मैंगर ने संवाददाताओं से कहा कि इमारत में शूटर होने की कॉल फर्जी थी, जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध नहीं मिला। सीनेट इस समय ग्रीष्मकालीन अवकाश में है और अधिकांश सांसद वाशिंगटन, डी.सी. से बाहरी हैं।

## सरकार के कर सिद्धांत में कुछ कमियां हैं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि सभी गेमिंग जुआ नहीं हैं और सरकार के कर सिद्धांत और बहुप्रचारित नवाचार और स्टार्टअप पर इसके फोकस में कुछ गलत है। सरकार पर तंज करते हुए, कांग्रेस प्रवक्ता और लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने कहा, सभी गेमिंग जुआ नहीं हैं। सबसे पहले सरकार ने 1 प्रतिशत टीडीएस और आय के रूप में अर्जित लाभ पर 30 प्रतिशत कर लगाकर क्रिप्टो मुद्रा पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसने सुनिश्चित किया कि क्रिप्टो इको सिस्टम भारत से बाहर चला जाए और अब यह 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को नष्ट करने पर आमादा है। तिवारी ने कहा, सरकार के कर सिद्धांत में कुछ बहुत ही गलत है और यह नवप्रवर्तन और स्टार्ट अप पर



जोर देता है। उनकी टिप्पणी जीएसटी परिषद द्वारा बुधवार को ऑनलाइन गेमिंग और कैसीनो पर 28 प्रतिशत लेवी लागू करने के फैसले के एक दिन बाद आई है, जो संभवतः 1 अक्टूबर से लागू होगी। काउंसिल ने आगे फैसला लिया कि 1 अक्टूबर को जीएसटी लेवी लागू होने के बाद छह महीने बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर इसमें बदलाव भी किए जा सकते हैं। यह निर्णय जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान लिया गया, जो वस्तुतः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आयोजित की गई थी। दूसरे शब्दों में, जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो पर अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के अपने 11 जुलाई के फैसले पर यथास्थिति बनाए रखी।

# ब्राज़ील में पुलिस की छापेमारी में 45 मारे गए

ब्राजीलिया। ब्राजील के तीन राज्यों में ड्रग गिरोहों को निशाना बनाकर की गई पुलिस छापेमारी में कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, रियो डी जनेरियो में बुधवार को पुलिस के नवीनतम ऑपरेशन में, कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा शहर के उत्तर में गोलीबारी के दौरान 10 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मृतकों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला एक सरगना भी शामिल है, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। शहर की सैन्य पुलिस ने कहा कि खुफिया सूचना के बाद कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा में ऑपरेशन शुरू किया गया था। सूचना में बताया गया था कि इलाके में नशीली दवाओं के तस्करों की एक बैठक होने वाली है। कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा के आसपास के स्कूल बुधवार को नहीं खुले, इससे लगभग 3,220 छात्रों को घर पर ही रहना पड़ा। गौरतलब है कि रियो डी जनेरियो ब्राज़ील के सबसे हिंसक राज्यों




में से एक है। बीबीसी ने बताया कि इस बीच, उत्तर-पूर्वी राज्य बाहिया में, 28 जुलाई से सोमवार के बीच तीन शहरों साल्वाडोर, इतातिम और कैमाकारी में पुलिस और गिरोह के सदस्यों के बीच झड़पें हुईं। कैमाकारी में, 28 जुलाई को सात लोग मारे गए, जबकि इतातिम ने रविवार को हिंसक झड़पों के दौरान आठ लोगों की मौत की सूचना दी। साल्वाडोर में पुलिस और सशस्त्र संदिग्धों के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि स्कूल भी मंगलवार को बंद रहे। बाहिया ऑपरेशन के दौरान बंदूकें, फोन और ड्रग्स जब्त किए गए। साओ पाओलो राज्य में ऑपरेशन शील्ड नामक पांच दिवसीय पुलिस छापे के दौरान 16 लोग मारे गए और 58 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। यह ऑपरेशन 28 जुलाई को तटीय शहर गुआरुजा में एक विशेष बल के पुलिस अधिकारी की हत्या के बाद शुरू हुआ। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस कार्रवाई की व्यापक निंदा भी हुई है। न्याय मंत्री फ्लेवियो डिनो ने गुआरुजा में ऑपरेशन की आलोचना की, उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई आक्रामक थी। कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा में ऑपरेशन की निंदा करते हुए, रियो राज्य विधायिका के सदस्य तालिरिया पेट्रोन ने कहा कि राज्य के पास इस तरह से जीवन को नरक में बदलने के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं है। इस बीच, ब्राज़ील में सशस्त्र हिंसा के आंकड़ों पर नज़र रखने वाले संगठन इंस्टिट्यूटो फ़ोगो क्रूज़ाडो ने छापे को सामूहिक हत्या बताया। रियो में पुलिस छापे के बाद एक बयान में संस्थान ने कहा कि साल की शुरुआत से शहर में ऐसी 33 घटनाएं हुई हैं, इनमें कुल 125 लोग मारे गए हैं।

## उत्तराखंड और अंडमान-निकोबार में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** इन दिनों देश के अलग-अलग हिस्सों में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए. गुरुवार को एक बार फिर उत्तराखंड से लेकर अंडमान निकोबार तक जमीन कांपने लगी. दरअसल, गुरुवार सुबह एक बार फिर अंडमान-निकोबार में भूकंप के झटके महसूस किए गए. इसके अलावा उत्तराखंड में भी आज सुबह धरती कांपी. बुधवार को भी अंडमान निकोबार में भूकंप के झटकों से लोग दहशत में आ गए थे. गुरुवार को अंडमान-निकोबार में सुबह 4.17 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए. जिसकी तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 4.3 मापी गई. हालांकि, अभी तक इस भूकंप से किसी भी तरह के जान या माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है.



बता दें कि हाल के दिन में अंडमान निकोबार द्वीप समूह में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. कल यानी बुधवार 2 अगस्त की सुबह लगभग 5:40 बजे यहां भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. तब राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया था कि इन भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 थी. इस भूकंप से भी किसी प्रकार के जान या नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई थी. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उससे पहले बीते शनिवार की रात को भी अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. तब भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल तक 5.8 मापी गई थी. इसके अलावा गुरुवार को उत्तराखंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए. जिससे लोग सहम गए और घरों से बाहर निकल आए. इस भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 2.2 मापी गई. बताया गया कि इस भूकंप का केंद्र नेपाल था.

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक नहीं लगाई है. गुरुवार हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की ओर से आदेश के बाद ये साफ हो गया है कि अब ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वे होगा. इस फैसले को लेकर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को खारिज कर दिया गया है. एएसआई सर्वे को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अब तक रोक लगा रखी थी. दरअसल, वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कुमार विश्वेश ने ज्ञानवापी में सर्वे का फैसला सुनाया था. अब जिला कोर्ट के निर्णय को हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है. इस तरह से ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे पर रोक हट गई है. गौरतलब है कि जिला कोर्ट के निर्णय के बाद से एएसआई की टीम ने 24 जुलाई को सर्वे का कार्य शुरू कर दिया था. सर्वे का कार्य शुरू होते ही, इसके खिलाफ मस्जिद कमेटी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई. सर्वे पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई शाम 5 बजे तक निर्णय सुनाने का आदेश दिया. बाद में कोर्ट ने मस्जिद कमेटी को हाईकोर्ट जाने कहा था. इसके बाद मामला हाई कोर्ट पहुंचा. हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के बाद 27 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था. इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया. हाईकोर्ट ने आज सुनवाई के बाद मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया.

# प्याऊ का मंच टूटने से टूटे दोनों पैर, मोदी की सभा में घायल युवक ने की सहायता राशि की मांग

**जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया**

**शिवपुरी।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पोहरी विधानसभा के धनीराम धाकड़ ने कलेक्टर शिवपुरी से सहायता राशि की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना था कि चीती छोडने जब मोदी जी जाए थे हमें उनके कार्यक्रम में गया था। कार्यक्रम स्थल पर प्याऊ का मंच टूटने मेरे दोनों पैर टूट गए थे। लेकिन मुझे आज दिनांक तक कोई भी सहायता राशि नहीं मिली तभी से मैं अपने पैरों पर भी नहीं चल पा रहा हूं। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे झलवासा गांव के रहने वाले धनीराम धाकड़ पुत्र स्व. बनवारीलाल पाकड़ अपनी पीड़ा कलेक्टर के पास लेकर पहुंचा। फरियादी धनीराम धाकड़ ने बताया 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्योपुर जिले कूनो नेशनल पार्क में चीतों को छोडने आए थे। उसकी एक सभा कराहल में आयोजित की गई थी। मैं अन्य ग्रामीणों के साथ सचिव के कहने पर लेने आई बस से कराहल में आयोजित पीएम मोदी की सभा में पहुंचा था। सभा स्थल पर में पीने के पानी के लिए बनाए गए मंच के पास खड़ा था। इसी दौरान पानी की टंकियों के वजन से मंच टूट गया था। मंच के साथ साथ मेरे दोनों पैर टूट गए थे। 17 सितम्बर से आज दिनांक तक मेरे तीन बेटे मुझ पर 70 हजार रूपए इलाज में खर्च कर चुके हैं। इसके बावजूद में अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पा रहा हूं। मेरे पास महज 9 बीघा जमीन है। फरियादी धनीराम धाकड़ ने बताया कि घटना के बाद आज दिनांक तक मुझे एक रुपए की सहायता राशि नहीं मिली। मैं अपने क्षेत्रीय विधायक से भी मदद की गुहार लगा चुका हूं। लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी के चलते आज में कलेक्टर के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचा हूं। मेरी मांग है कि मुझे सहायता राशि दी जाए साथ ही मेरा विकलांगता का सर्टिफिकेट बनाया जाए।



# 6 अगस्त को विधानसभा चाचौड़ा में भारतीय जनता पार्टीकार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन को लेकर पूर्व तैयारी का किया निरीक्षण

**योगेश शर्मा राजोरिया, संवाददाता**

**चाचौड़ा।** 6 अगस्त को विधानसभा चाचौड़ा में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन को लेकर पूर्व तैयारी का किया निरीक्षण दिनांक 6 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर के आगमन की तैयारियों को लेकर बीनागंज में कार्यक्रम स्थल पर विधानसभा प्रभारी श्री शैलेंद्र शर्मा जी किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शन चौधरी जी जिला अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह सिकरवार जी जिला प्रभारी श्री डॉ गोपाल आचार्य जी चाचौड़ा पूर्व विधायक ममता मीना ने प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।



# स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में उन्नत क्रेशर को व्यापारियों को लाभ की भाइयों को सम्मानित किया

**चाचौड़ा जिला गुना**
**योगेश शर्मा संवाददाता**
**पुष्पांजलि टुडे**

आज मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल एवं मध्यप्रदेश मंडियों के सफलतम 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि उपज मंडी समिति बीनागंज द्वारा आयोजित स्वर्ण बीवी जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होकर व्यापारी भाईयों, तुलावटी भाईयों, हम्मालों एवं उन्नत कृषकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री अनिरुद्ध मीना जी, मंडल अध्यक्ष चाचौड़ा श्री प्रधुमन मीना जी, मंडल अध्यक्ष तेलीगांव श्री डाल सिंह जादौन जी, पूर्व नप अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि श्री कृष्ण (भोला) सोनी जी, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती कुसुमलता कुशवाह जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय श्री गोपाल पंडा जी, श्री नाथूसिंह मीना जी, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला मीना जी, नप उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि कल्लू शर्मा जी, अंतयोदय समिति अध्यक्ष श्री सौभाग्यमल पालीवाल जी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुरेश मीना जी, जनपद उपाध्यक्ष श्री मेहरबान गुर्जर जी, श्री जगदीश तापड़िया जी, श्री शरद बंसल जी, श्री दीनदयाल जी, श्री रमेश बद्री जी, श्री भूरा तोमर जी, श्री रामनारायण अहिरवार जी, श्री सूरज पालिवाल जी, श्री अमित शर्मा जी, श्री गोपाल मीना जी एवं वरिष्ठ यापारी, मंडी स्टाफ उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग ने देश के भविष्य बच्चों को मौत के मुँह में धकेलने को छोड़ दिया है खुला ट्रांसफार्मरः मुरलीधर सिन्हा

तुसार मिश्रा गरियाबंद- गरियाबंद शहर के अंदर कुम्हारपारा मुख्य मार्ग पर स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल संचालित है जिसके मुख्य द्वार के सामने विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर लगा दिया है और मौत के मुंह में धकेलने के लिए ट्रांसफार्मर को खुला छोड़ दिया गया है । भाजपा पूर्व जिला महामंत्री गरियाबंद ने एक जानकारी में बताया गया गरियाबंद शहर से छुरा मार्ग पर स्थित विद्युत विभाग ने विद्यालय के सामने बिना सोचे समझे निर्भीक होकर विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर लगा दिया है जो कि नियमविरूद्ध है और उसके बाद भी इतनी हिम्मत कि ट्रांसफार्मर को खुला छोड़ दिया है ताकि बच्चे को मौत के मुँह में जाने का आमंत्रण कर रहा है । विभाग की मनमर्जी देखो कि मुख्य मार्ग में एक और ट्रांसफार्मर लगा था जो कि एक व्यापारी को फायदा पहुंचाने के लिए 40 वर्षों से लगे ट्रांसफार्मर को लाकर स्कूल के लगे ट्रांसफार्मर पर एक और ट्रांसफार्मर ला दिया । भाजपा वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने मांग किया है कि ऐसे भ्रष्ट व लापरवाह विद्युत अधिकारियों के तत्काल कार्यवाही करते हुए बच्चों को अनहोनी घटनाओं से बचाया जावे ।





# विधानसभा चाचौड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खातोली में किया गया स्वींप गतिविधियों का आयोजन

**चाचौड़ा से योगेश शर्मा**
**पुष्पांजलि टुडे**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरुण राठी के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा श्री विकास कुमार आनंद के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत खातोली में स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया और मतदान के महत्व को बताया इस अवसर पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 मतदाता सूची के प्रारूप का भी प्रकाशन किया इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ तथा पीसीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 2 अपराधों में 5-5 साल से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे**
**जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया**



**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, रउडढ संजय चतुर्वेदी के निर्देश पर नगर निरीक्षक करैरा सुरेश शर्मा ने माननीय न्यायालय करैरा के प्रकरण क्रमांक 680/2018 में 05 वर्ष एवं प्रकरण क्रमांक 51/18 में 05 से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सुरेश जाटव पुत्र सुनुआ जाटव उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम फतेहपुर थाना करैरा जिला शिवपुरी एवं हरिमोहन पुत्र कुँवर लाल परिहार उम्र 25 साल निवासी सिंहदोआ थाना दिनारा को नगर निरीक्षक सुरेश शर्मा के निर्देशन दिनांक 02 अगस्त 2023 को गिरफ्तार कर आज माननीय न्यायालय करेरा में पेश किया गया है गिरफ्तार करने वालों नगर निरीक्षक सुरेश शर्मा, सउनि सतीश जयन्त, सउनि संजय भगत प्र. आ. मोहन सिंह, प्र. आ. हिमाचल रावत की सराहनीय भूमिका रही ।

# उत्तर प्रदेश से आए दल ने देखा मध्यप्रदेश में किस तरह से आत्मनिर्भर हो रही हैं समूह की दीदियां

## 80 सदस्यीय दल ने शिवपुरी में ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्य को देखा

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिले में मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयां किस तरह से आत्मनिर्भर बन रही हैं इसको देखने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के 80 सदस्यीय दल ने यहां का दौरा किया। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश से आए दल ने शिवपुरी जिले के शिवपुरी, पोहरी, कोलारस ब्लॉक आदि स्थानों का दौरा किया और यहां पर महिला दीदियों के द्वारा संचालित किए जा रहे समूह संचालक, सामुदायिक प्रशिक्षण मॉडल्स केंद्र, सीटीसी प्रबंधक, संचालन समिति, उपार्जन समिति व सीएलएफ कार्यकारिणी से विस्तृत व गहन चर्चा, समुदाय से चर्चा समूह सदस्यों के द्वारा उत्पादित विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त संचालक आदि अधिकारी व समूह की महिला सदस्य इस दल में शामिल रहीं।

**समूह की दीदियों ने दिया प्रेजेंटेशन**-उत्तर प्रदेश से 80 सदस्य दल के सामने मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं उनके बारे में पूरी जानकारी दी गई। इसी दौरान कोलारस में विश्वास सामुदायिक संगठन द्वारा लोक अधिकार और समूह के द्वारा अन्य किए जा रहे कार्यों का प्रेजेंटेशन यहां की दीदियों द्वारा दिया गया। संगठन की एक दीदी द्वारा स्वयं रचित गीत का गायन भी किया गया। इस मौके पर शिवपुरी जिला प्रबंधक डॉ अरविंद भार्गव, कामना चतुर्वेदी, दीपक यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, संजय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।




**उप्र में सीटीसी और मॉडल सीएलएफ बनाने के होंगे प्रयास**-इस दल में यूपी एसआरएलएम के ज्वाइन डायरेक्टर मिथिलेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मी मौजूद रहे। इस मौके पर ज्वाइंट डायरेक्टर मिथिलेश तिवारी ने बताया कि शिवपुरी भ्रमण के दौरान उन्हें काफी कई जानकारियां मिली हैं। शिवपुरी जिले में समूह की दीदीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों का हमारी टीम ने अवलोकन किया। श्री तिवारी ने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में भी वह यहां से सीखे गए कार्यों को उप्र के एनआरएलएम सीटीसी और मॉडल सीएलएफ को और बढ़ावा देने के प्रयास करेंगे।

# कृषि उपज मंडी मगरोनी के स्वर्ण जयंती अवसर पर हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह कृषि उपज मंडी मगरोनी (नरवर) में आयोजित किया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी मगरोनी (नरवर) में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व विधायक रमेश खटीक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भार साधक अधिकारी एवं तहसीलदार नरवर अमित दुबे, पूर्व मंडी अध्यक्ष दशरथ सिंह गुर्जर, विनोद गुप्ता, व्यापार संघ के टिंकल गर्ग मौजूद रहे। राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रमेश खटीक ने स्वर्ण जयंती समारोह पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडियों में किसान भाइयों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार हमेशा अग्रणी है। हम्माल तुलावटियों के लिए भी शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की हैं।



कार्यक्रम में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व विधायक एवं क्षेत्रीय कृषक रमेश खटीक द्वारा व्यापार संघ की फर्म गर्ग ट्रेडर्स के संचालक प्रेम बाबू गर्ग, मंडी कर्मचारी दयाराम कोली, हम्माल-तुलावटी नेत्र सिंह एवं मुकेश प्रजापति को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंडी सचिव विजय सिंह मीणा द्वारा मंडी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कृषकों, हम्माल तुलावटियों को दी गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मंडियों की साफ-सफाई, पुताई, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुरारी लाल सरपंच, जे.जे.शर्मा, राजीव मिश्रा, नवनीत शर्मा, बल्लू जैन, सुमित जैन, राजस्व निरीक्षक डी.आर.काकोरिया, राजबहादुर, बसंत कुशवाह, सतीश सोनी, मुकेश शिवहरे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित**-आज कृषि उपज मंडी मगरोनी एवं नरवर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त रमेश खटीक, भार साधक अधिकारी एवं तहसीलदार अमित दुबे मंडी निरीक्षक विनोद गुप्ता, व्यापार संघ के सदस्य, मंडी कर्मचारियों, हम्माल तुलावटियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया। जिसमें फलदार वृक्ष रोपित किए गए।

# राज्य कृषि विपणन बोर्ड के 50 बर्ष पूर्ण होने पर करैरा मंडी द्वारा किया भव्य आयोजन



**पुष्पांजलि टुडे**
**जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया**

**करैरा(शिवपुरी)** कृषि उपज मंडी करेरा द्वारा मंडी प्रांगण करेरा में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि करेरा एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी अजय शर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडी सचिव अशोक जाटव द्वारा की गई कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि का मंडी सचिव एवं कर्मचारियों तथा व्यापारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा करेरा गल्ला मंडी में सबसे अधिक राजस्व मंडी शुल्क देने वाले तीन व्यापारियों को शॉल श्रीफल एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया तो वहीं दूसरी ओर इसी वर्ष जो कर्मचारी द्वारका प्रसाद जोशी एवं विजय सिंह कुशवाह सेवानिवृत्त हुए थे उनका भी मुख्य अतिथि द्वारा शॉल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात अध्यक्ष द्वय राजीव नीखरा एवं नफीस खान द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए वरिष्ठ व्यापारी प्रमोद कुमार द्वारा बताया गया की दिनारा उप मंडी में मंडी प्रांगण की बहुत बड़ी कमी है जिसके चलते वहां के व्यापारी परेशान रहते हैं इस समस्या को अनेकों बार उचित माध्यम के द्वारा उठाया गया परंतु इस समस्या का समाधान प्रशासन द्वारा आज तक नहीं किया गया जबकि राजस्व देने में दिनारा के व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी द्वारा बताया गया कि आपके द्वारा जो दिनारा से संबंधित मांग मंडी प्रांगण हेतु रखी गई है उसको मैं अपने कार्यकाल में जल्द से जल्द पूरा करा कर दूंगा और मैं हमेशा उसी का आश्वासन देता हूं जिस काम को मैं करा सकूं मेरा प्रयास रहेगा कि मैं प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले दिनारा व्यापारियों को मंडी प्रांगण हेतु जमीन उपलब्ध करा सकूं । तत्पश्चात कार्यक्रम के अंत में मंडी सचिव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं समस्त मंडी स्टाफ व व्यापारियों द्वारा रिमझिम बारिश के बीच वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया ।

# शिवपुरी पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी की कार्यवाही जारी

## पुलिस थाना देहात द्वारा घर से बिना बताये गुम हुई नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह द्वारा जिले में नाबालिक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये गुम हुये नाबालिक बालाक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में अति.पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव के द्वारा लगातार दिये जा रहे मार्गदर्शन में आज दिनांक 03.08.23 को पुलिस थाना देहात द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाव किया है । दिनांक 31.07.23 को नाबालिक बालिका गौशाला अपने निवास स्थान से बिना बताये कहीं चली गई थी जिस पर से पुलिस थाना देहात पर अपराध क्रमांक 230/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका की दस्तयावी के प्रयासों पर नाबालिक बालिका का पता रेलवे स्टेशन शिवपुरी पर चला जिसे पुलिस द्वारा सुरक्षित दस्तयाव कर उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया । उक्त कार्य में निरीक्षक विकास यादव,उनि ज्योत्सना वर्मा, प्रआर 570 विनय सिंह, आर.997 सुमित सेंगर,म.आर.616 शिल्पी गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# सुश्री कल्पना शर्मा बनी करैरा तहसीलदार



**पुष्पांजलि टुडे**
**जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया**

शिवपुरी (करैरा) हाल ही में स्थानांतरित होकर आए तहसीलदारों को जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसी के तहत सुश्री कल्पना शर्मा ने तहसीलदार करेरा का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पदभार संभालने के पूर्व एसडीएम अजय शर्मा से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत हुई ।तत्पश्चात पदभार ग्रहण किया ।पदभार ग्रहण करने के पश्चात पूर्व प्रभारी तहसीलदार ओ पी तिवारी, नायब तहसीलदार दृगपाल सिंह,राजस्व निरीक्षक प्रीति रावत , आर आई विनोद सोनी,सहित सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि सुश्री कल्पना शर्मा हाल ही में मुरैना जिले से स्थांतरित होकर शिवपुरी पहुंची और करेरा,पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर तहसील कर्मचारीगण एवं पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# सांसद चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात कर रखें प्रमुख मुद्दे

## बहुप्रतीक्षित एक टोल हटाने, सोजत में पानी निकासी हेतु गलत नाले के पुनः निर्माण सहित सोयला-बालेसर एनएच स्वीकृति का भी किया गया आग्रह

पुष्पाजंली टुडे

**नई दिल्ली** /पाली जिलेवासियों से जुड़ी एक टोल हटाने की लंबित मांग को लेकर पाली सांसद पीपी चौधरी ने पुनः केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि गत कई वर्षों से पाली-जोधपुर मार्ग पर 23 किलोमीटर के दायरे में दो जगह टोल वसूली की जा रही है। पाली क्षेत्र में रोहट से 7 किलोमीटर दूर स्थित निम्बली व 15 किलोमीटर स्थित गाजनगढ़ टोल नाके बन हुए हैं। कम दूरी पर ना केवल वाहनों चालकों बल्कि इन दोनों के बीच आए सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों को भी दोगुना टोल चुकाना पड़ता है। सांसद ने बताया कि पाली-जोधपुर फोरलेन राजमार्ग प्रदेश में एकमात्र अपवाद है जहां पर मात्र 23 किलोमीटर की दूरी में दो टोल प्लाजा बने हुए है। प्रदेश के कई प्रमुख टोल प्लाजा के बीच की दूरी कम से कम 60 किलोमीटर है। एक टोल हटाने की मांग काफी समय से बनी हुई और इसको लेकर आमजन में काफी रोष है। सासंद चौधरी ने कहा कि उनकी जानकारी पाली से जयपुर 3 सौ किलोमीटर की दूरी है। इस राजमार्ग पर जाडन, रायपुर, ब्यावर, किशनगढ़ और बगरू में टोल प्लाजा संचालित है। सभी टोल के बीच की दूरी 60 किलोमीटर या इससे ज्यादा है। वहीं जोधपुर-बाड़मेर राष्ट्रीय एनएच 25- जोधपुर से बाड़मेर की तरफ जाने वाले हाइवे के बीच दो टोल प्लाजा है। एक निम्बानियों की ढाणी के निकट व दूसरा कल्याणपुर के पास। दोनों के बीच की दूरी 60 किलोमीटर से ज्यादा है। केन्द्रीय मंत्री ने विस्तार से मामले की जानकारी लेकर इस संबंध में सांसद को जल्द एवं आवश्यक कार्यवाही करने भरोसा दिलाया। सांसद चौधरी ने सैद्धांतिक रूप से मंजूर सोयला एनएच-65 से बालेसर एनएच-114 वाया ओसियां-तिंवरी सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने के लिए केन्द्रीय मंत्री गडकरी को मांग पत्र सौंपा।



उन्होंने कहा कि इस सड़क मार्ग की कुल लंबाई 126 किमी है। इस सड़क की 51 किमी लंबाई में सड़क 5.50 मीटर, एक किलोमीटर लंबाई में 10 मीटर और 74 किमी लंबाई में 3.75 मीटर चौड़ी है। यह सड़क मार्ग तीन जिलों जोधपुर, नागौर और बाड़मेर को आपस में जोड़ता है। नेशनल हाइवे के रूप में विकसित करने से यह जिले लाभांवित होंगे। इस सड़क मार्ग से राष्ट्रीय राजमार्ग बनने पर ना केवल 126 किमी. लंबी सड़क का सुधार होगा बल्कि इससे जुड़ने वाले गांवों के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। सांसद चौधरी ने इस सड़क मार्ग के आईएफबी (बोली हेतु अनुरोध रिपोर्ट) का भी जिक्र किया। सांसद चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष नगरपालिका सोजत में एनएच-162 (ब्यावर से पिंडवाड़ा) से संबंध पानी निकासी हेतु किए गए गलत नाला निर्माण को पुनः बनाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि उक्त नाला शहर की आबादी भू-स्तर ऊंचा निर्माण किए जाने के कारण पानी की पूर्ण निकासी नहीं होती है। हर बार बारिश के मौसम में यह नाला क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी आफत बन जाता है। अत्यधिक पानी भराव होने के कारण क्षेत्र की लोहार कॉलोनी, आईओसी कॉलोनी, मरूधर केसर कॉलोनी, रेन्दड़ी पुलिया सहित कई कॉलोनियां के मकानों को भारी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने आग्रह किया कि उक्त नाले को तकनीकी को ध्यान में रखते हुए और आबादी भू-स्तर अनुसार पुनः बनाया जावें। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने सांसद चौधरी की सभी मांगों पर जल्द एवं उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।

# दतिया युवा गहोई सेना ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती धूमधाम से मनाई

### भारत के गौरव थे राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त दद्दा: अभय

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
उप संपादक संदीप प्रधान



**दतिया।** युवा गहोई सेना दतिया द्वारा राष्टकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती कार्यक्रम प्रभारी अनिकेत गुप्ता व सयोजक अभिनव सिजरिया के नेतृत्व मे गहोई कालोनी स्थित राष्टकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर पर पुष्प अर्पित व माल्यापर्ण कर धूमधाम मनाई गई जिसमे मुख्य अतिथि भांडेर जि.प. सीईओ मनीष पहारिया व अध्यक्षता समाजसेवी अभय गुप्ता नेताजी ने की तथा सर्वप्रथम दद्दा जी की प्रतिमा पर अतिथियो व सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया तथा सदस्यों ने भाजपा युवा मोर्चा के नवीन पदाधिकारी पवन खरया का माल्यार्पण कर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया व सभी को संबोधित करते हुए समाजसेवी अभय गुप्ता ने कहा राष्टकवि दद्दाजी पूरे भारत वर्ष के गौरव है हम सभी को उनका अनुसरण करना चाहिए इस अवसर पर विवेक गुप्ता, सरस गुप्ता, प्रंशात, हर्ष गुप्ता, सोम, रितिक गुप्ता करण गुप्ता, मुदित गुप्ता, सुमित, वाशु गुप्ता, शुभ गुप्ता,निखिल नगरिया, कौस्तुभ गेड़ा, आशीष, उत्सव गहोई, राज सेठ व बड़ी संख्या मे युवा उपस्थित रहे!

# दबोह में महिला गाइनेकोलॉजिस्ट मेडिकल ऑफिसर डॉ.हेमा बघेल ने खोला परामर्श केंद्र क्लीनिक

### श्रीश्री 1008 पुरोषत्तम दास महाराज व पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने किया शुभारंभ, दबोह में महिला डॉक्टर की कमी दूर होगी: अनिरुद्ध प्रताप सिंह

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



**दबोह**-भांडेर तहसील के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सोहन में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ.हेमा बघेल ने शाम 05 से 07 बजे तक परामर्श प्राइवेट क्लीनिक की शुरुवात गणेश चौक दबोह में की है।जिसका सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल मिहोनी मंदिर के महंत श्री श्री 1008 पुरुषोत्तम दास जी महाराज व युवक कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने उदघाटन किया।आपको बता दें कि दबोह क्षेत्र में गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर की कमी थी।डॉ.हेमा बघेल ने दिल्ली एम्स से एमबीबीएस एम्स मे टॉप किया है और वह मुख्य रूप से महिलाओ और बच्चो की विशेषज्ञ मानी जाती है।उदघाटन के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने कहा कि निश्चित रूप से दबोह एक महिला डॉक्टर की कमी खल रही थी गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ.हेमा बघेल दबोह क्षेत्र के लोगो को अपनी स्वास्थ सेवाएं देंगी।वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में दबोह प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में महिला डॉक्टर को पदस्थ किया जायेगा।यहां बताना मुनासिब होगा कि भांडेर तहसील के ग्राम सोहन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जबसे डॉ.हेमा बघेल पदस्थ हुई हैं तबसे वहां के लोगो को उपचार के लिए भांडेर,दतिया व दबोह नही आना पड़ता क्यों कि उन्हें एक बेहतर डॉ.शासकीय हॉस्पिटल सोहन में ही मिली हैं।सोहन के लोगो का कहना है कि डॉ.हेमा बघेल के आने से गाँव में बीमारियां काफी कम हुई हैं।उदघाटन के इस मौके पर समाज सेवी जेएस बघेल,बीएएमएस डॉ.सरोज पाल,सरपंच जगदीश बघेल बीसनपुरा पार्षद माधव यादव,युवक कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धार्थ राजावत,युवा नेता फरियाद खान आदि लोग मौजूद रहे।

# 719 हाईवे से निकलने वाले वाहन चालकों को जल्द वरैठा टोल प्लाजा पर जाम से मिलेगी निजात

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता
मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

**मालनपुर।** ग्वालियर इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग 719 टोल प्लाजा बरेठा पर अब जाम स्थिति से मिलेगा छुटकारा उद्योग क्षेत्र के प्रबंधको ने उठाई थी मांग नेशनल हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग पर 719 का निर्माण ग्वालियर से इटावा सीमा तक पी एन सी द्वारा टेंडर लिया गया था जिसका पेटी ठेका रोड बनाने का दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा कराया गया था जिसका 12 साल के एग्रीमेंट साथ पूर्व में किया गया का निर्माण कार्य लगभग 2 साल पूर्ण हुआ जिसका रोड टैक्स मार्च 2013 में पी एन सी कंपनी ने वसूलने के नेशनल हाईवे पर दो टोल प्लाजा बनाए गये फुफ, एवं ग्वालियर सीमा प्रारंभ बरैठा टोल प्लाजा के नाम पर जब से लेकर अभी तक बरैठा टोल प्लाजा पर कई बार उद्योग क्षेत्र मालनपुर में जिला भिंड कलेक्टर और शासन के मंत्रियों तक चर्चा का विषय बना रहा शाम को ट्रैफिक एवं उद्योग क्षेत्र से निकलने वाली स्विफ्ट की कंपनी की बसों को लेकर वरिष्ठ प्रबंधक अमित सिंह राठौर ने इस समस्या के निदान हेतु कंपनी के मालिकों से चर्चा कर



निकलते समय जाम की स्थिति बन जाती थी उसी क्रम में पी एन सी के टोल प्लाजा के जिला ग्वालियर कलेक्टर से एवं रोड डेवलपमेंट वरिष्ठ अधिकारियोंसे मीटिंग कर पीएनसी कंपनी के संचालक प्रबंधक से बात कर रोड को चौड़ीकरण कर इसकी लाइन अतिरिक्त बनाने का निर्णय लिया गया इसकी जानकारी देते हुए पीएनसी कंपनी के फूफ टोल प्लाजा एवं बरैठा टोल प्लाजा प वरिष्ट प्रबंधक अमित सिंह राठौर ने बताया की पूर्व में 6 लाइन का टोल प्लाजा बनाया गया था एक रिवर्स लाइन मिलाकर कुल 7 लाइन थी न्यू टोल बूथ बडाई जाकर एक रिवर्स लाइन को डायवर्सन करने के लिए निर्माण कार्य जा रहा है इस निर्माण कार्य में कंपनी का एक करोड रुपए लगभग खर्चा किया जा रहा है जिससे फास्ट ट्रैक हार्डवेयर कंप्यूटराइज रोड टीन सेट हाइ लाईट का आदि का कार्य चल रहा है जिसका कार्य पूर्ण इसी माह के अंत तक होने की संभावना है जिससे उद्योग क्षेत्र मालनपुर के साथ-साथ हाईवे से निकलने वाले वाहन चालकों को जाम लगने से शीघ्र निजात मिलेगी जिसमें ग्वालियर जिला कलेक्टर का पूर्ण सहयोग रहा जो सहरानीय है।

# सुशील भायल ने किया 100 बार रक्तदान

### मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प

पुष्पांजलि टुडे-रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा



**हैदराबाद स्थित।** सुभाष नगर क्षेत्र के निवासी एवं राजस्थान के पाली जिला ग्राम धनला जिला पाली के मूल निवासी सुशील भायल ने कम उम्र में 100 बार रक्तदान करके खुशी जाहिर की सुशील भायल ने बताया की मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प भी लिया हू ओर सुशील भायल ने बताया कि समय समय पर अपना रक्तदान करके दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए में जान पहचान नही देखता बिना नाते व रिश्तेदारी देखना मेरा उद्देश्य नही बल्कि सिर्फ लोगों की जान बचाना ही मेरा उद्देश्य है। अगर एक यूनिट ब्लड किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है ऐसे कई उदाहरण हुए भी है कि एक यूनिट ब्लड से मरीज की जान भी बची है उन्होंने बताया कि लोगों के मन में भय हैं कि ब्लड देने के बाद तबीयत खराब होती है खून की कमी आ जाती है कमजोरी आती है ऐसा कुछ नहीं होता है उन्होंने यह भी बताया कि लोग को रक्त की जरूरत पड़ने पर सब याद आता है मनुष्य जीवन क्या है। इसलिए सबको उम्र के हिसाब से रक्तदान करना चाहिए।

# शिवभक्ति में मातृशक्ति भी हुई लीन

### आस्था यात्रा के स्वागत से सचिन यादव और अरूण यादव हुए अभिभूत, आशापुरी मंदिर में किया त्रिवेणी का रोपण

मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे

**खरगोन।** म.प्र. के कृषि मंत्री रहे विधायक सचिन यादव और पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने आज गुरूवार को प्रातः ग्राम बिटनेरा में भगवान भोलेनाथ का विधिवत् पूजन अभिषेक कर संतोषी माता और नाग मंदिर में पूजा अर्चना के बाद आस्था यात्रा का श्रीगणेश किया। श्रावण मास की इस पवित्र आस्था यात्रा के हर गॉव में पहुंचने पर शिवभक्ति में मातृशक्ति भी लीन हुई । सचिन यादव और अरूण यादव के साथ आस्था यात्रियों का सभी गॉवों में महिलाओं ने अपूर्व उत्साह के साथ स्वागत किया । आस्था यात्रा में साथ चलते हुए ग्रामीण महिलाओं ने स्वागत गान के साथ भगवान भोलेनाथ के भजन भी गाए। भगवान भोलेनाथ के भक्तिमय गीत संगीत पर ग्रामीण महिलाओं के साथ सचिन यादव भी झूमकर नाचे । सचिन यादव और अरूण यादव युवाओं के साथ भी जमकर नाचे । सचिन यादव ने मुलठान के आशापुरी मंदिर में त्रिवेणी का रोपण किया ।

# राष्ट्रीय संगठनात्मक प्रवास पर रहीं गुजरात भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सीमा मोहिले

## लाड़ली बहना कार्यक्रम में भागीदारी कर जिला बैठक को संबोधित किया

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे

**खरगोन।** भाजपा महिला मोर्चा गुजरात प्रदेश की महामंत्री व बड़ोदरा की पूर्व विधायक सीमा मोहिले खरगोन जिले के दो दिवसीय राष्ट्रीय संगठनात्मक प्रवास पर रहीं। उन्होंने खरगोन नगर में लाड़ली बहना सम्मेलन में भागीदारी कर जिला बैठक में मार्गदर्शन दिया। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी 57 जिलों में प्रवासी के रूप में राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष बहनों को विभिन्न जिलों में भेजा गया था। पदाधिकारियों का यह प्रवास प्रदेशभर में स्थानीय समस्याओं का आंकलन करने एवं राज्य के विकास को गति देने के उद्देश्य से किया गया।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया खरगोन जिले के प्रवास पर आई गुजरात प्रदेश महिला मोर्चा की महामंत्री सीमा मोहिले ने महिला मोर्चा के विभिन्न करणीय कार्यों व कार्यक्रमों में सहभागी की। जिला कार्यालय पर संपन्न जिला बैठक में श्रीमती मोहिले, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, विधानसभा चुनाव संचालन समिति के जिला संयोजक रणजीतसिंह डंडीर, जिला मंत्री आशा वासुरे, भावना वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता पाटीदार, जिला महामंत्री गायत्री गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्रकुमारी तोमर ने मार्गदर्शन दिया। स्वयं सहायता समूह से लाभ कैसे मिलता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष रेखा चौहान ने मोटे अनाज पर रेसिपी बनाकर श्रीमती मोहिले को भेंट की। उन्होंने मोटे अनाज का कैसे उपयोग किया जाना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी दी। बैठक में श्रीमती मोहिले ने उमा चौहान को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में जिले की सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बहनें उपस्थित थीं। संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुनीता तटवारे ने किया व आभार नगर मण्डल अध्यक्ष शीतल राठौर ने माना। इसी प्रकार लाडली बहना कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गोस्वामी ने किया व आभार श्रीमती राठौर ने माना।

# कसरावद में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का सोमवार को हुआ समापन हुआ

पुष्पाजंली टुडे

**मध्यप्रदेश।** कसरावद जो लोग भगवान शिव के आश्रित रहकर भगवान शिव को अपने हृदय में स्थान देकर उनका सम्मान करते हैं वे लोग सदैव सुख शांति और सुकून को प्राप्त करते रहते हैं लेकिन जो लोग भगवान शंकर से राग ,,द्वेष ,और, ईर्ष्या कर उनका अपमान तथा तिरस्कार करते हैं ,वे फिर जीवन में सदैव दुख दरिद्र और विपत्ति को प्राप्त होते रहते हैं । उक्त बात शहर में स्थित,श्री पंडरी नाथ भगवान के मंदिर में चल रही श्री शिव महा पुराण की कथा के दौरान । सत्संगी बाल योगी,संत मनोज गुरु जी मध्यप्रदेश वाले ने शिव महापुराण की कथा के दौरान कही। बालयोगीजी ने कहा कि जहां पर शिव और जिव के बीच में मतभेद उत्पन्न हो जाता है वहां पर फिर दुख क्लेश और विपत्ति का आगमन हो जाता है। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया जिस प्रकार दक्ष प्रजापति ने देवताओं की सभा में भगवान शंकर का अपमान कर उन्हे भला बुरा कहा ,और अपने यहां पर एक यज्ञ का आयोजन किया तथा उस यज्ञ में



भगवान शंकर को स्थान ना देकर जो गलती की ।। उसका दंड उसे मरकर भली भाती चुकाना पड़ा, और जिस देवता ने भी दक्ष प्रजापति का साथ दिया उनको भी यथा योग्य,दंड भुगतना पड़ा। इसलिए जीवन में कभी भी भगवान शंकर का अपमान ना करें और भगवान शंकर की नकल भी ना करें, क्युकी आजकल बहुत सारे लोग गांजा, भांग, तंबाकू,और कई प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन करते है और कहते है यह तो भोलेनाथ महादेवजी का प्रसाद है, अब आप ही बताइए की भोलेनाथजी ने तो जहर का प्याला भी पिया था, क्या वे लोग जहर भी पी सकते, नही पी सकते, शायद इसीलिए वे लोग शराब पीते है। लेकिन उन लोगो को पता होना चाहिए की जितने लोग नदी नाले, कुएं,बावड़ी, तालाब,और समुद्र में डूब कर नही मरे,उससे अधिक लोग शराब की प्याली में डूबकर मर गए, अतः जीवन में अगर सुख शांति और शकुन से रहना है तो प्रत्येक मनुष्य को मादक पदार्थों से दूर रहना चाहिए,क्योंकि 84 लाख योनि के बाद मनुष्य जीवन मिला है,इसलिए निष्कपट भाव से भोले नाथजी की भक्ति करे। भोले नाथजी जल्दी प्रसन्न हो जाते है और भक्तो के सारे कष्ट दूर कर देते है। कथा में नित्य प्रति प्रसंगों के अनुसार शिव पार्वती और अन्य देवताओं को झांकी के रूप में प्रस्तुत किया और शांति पूर्वक कथा का समापन किया गया। कथा में प्रतिदिन आसपास के क्षेत्रों से सेकडो महिलाए और पुरुषो की उपस्थिति रही। कथा का आयोजन महिला मंडल ने किया लेकिन पुरुषो का योगदान भी अच्छा रहा। कथा में बाबूलाल महाराज भी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# लापता लाखों महिलाएं

इन आंकड़ों पर अविश्वास का कोई कारण नजर नहीं आता कि देश में दो साल के भीतर 13.13 लाख महिलाएं और लड़कियां लापता हुईं। वजह यह कि आंकड़ा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी ने जुटाया है और संसद के पटल पर रखा गया है। वैसे इस बात की कोई गारंटी भी नहीं कि देश के दूर–दराज के इलाकों से लापता हर महिला और लड़की की गुमशुदगी भी इन आंकड़ों में शामिल हो। वैसे भी बहुत से लोग कथित इज्जत के नाम पर रिपोर्ट दर्ज कराने से गुरेज करते हैं। बहरहाल, यह किसी सभ्य समाज के माथे पर कलंक ही है कि महज दो साल में तेरह लाख से अधिक महिलाएं और लड़कियां गायब हो जाएं और उनकी कोई खैर–खबर न मिले। यह संकट जहां पुलिस–प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है, वहीं समाज को भी आत्ममंथन को बाध्य करता है कि हमने ऐसी स्थितियां क्यों बनने दी कि महिलाओं ने परेशान होकर घर छोड़ा या फिर वे असामाजिक तत्वों के चंगुल में फंस गईं। निस्संदेह, यह दुखद स्थिति है और लापता होने का आंकड़ा बहुत बड़ा है और चीन के बाद दुनिया में दूसरे नंबर पर है। यह विडंबना ही है कि मणिपुर मुद्दे पर जारी राजनीतिक कोलाहल के बीच इस ज्वलंत मुद्दे पर गंभीर राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं आई। दुरूखद स्थिति यह भी है कि लापता होने वाली महिलाओं में ढाई लाख की संख्या नाबालिग लड़कियों की है। कहना मुश्किल है कि वे मानव तस्करी करने वालों के हत्थे चढ़ीं या अपने किसी परिचित के साथ नये जीवन की शुरुआत के लिये निकलीं। यह कहना भी कठिन है कि 2021 के बाद स्थितियां बदल गईं और इन आंकड़ों में कुछ लाख और महिलाएं व लड़कियां शामिल नहीं होंगी। लेकिन कुल मिलाकर हमारे समाज में स्थितियां ऐसी नहीं हैं कि एक आम महिला आत्मसम्मान व सुरक्षा का जीवन सहजता से जी सके। जिसको लेकर गंभीर मंथन करने की जरूरत है। बहरहाल, तेरह लाख महिलाओं व लड़कियों का लापता होना समाज में विमर्श की मांग करता है कि आखिर वे गई कहां। निश्चित रूप से हालिया वर्षों में समाज में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में खासी तेजी आई है। निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिये जो सख्त कानून बने भी, उनका अपेक्षित प्रभाव समाज में नजर नहीं आता। आये दिन समाज में महिलाओं के अपहरण, बहला–फुसलाकर भगा ले जाने तथा मानव तस्करी के समाचार अखबारों की सुर्खियां बनते रहते हैं। ऐसे में हम इन महिलाओं के लापता होने के लिये सिर्फ सरकार को ही दोषी नहीं ठहरा सकते। पिछले दिनों कुछ ऐसी घटनाएं सामने आई हैं कि अपराधी व सिरफिरे आशिक एकतरफा प्यार में विफलता के बाद सार्वजनिक रूप से लड़कियों की हत्या करते रहे और भीड़ तमाशबीन बनी रही या वीडियो बनाने में मशगूल रही। ऐसे में महिलाओं व लड़कियों के लापता होने में समाज अपने उत्तरदायित्व से बच नहीं सकता। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई क्रूरता ने देश को दुनिया में शर्मसार किया, जहां जातीय दुश्मनी के बदले का शिकार महिलाओं को बनाया गया। ऐसे में समाज के हर व्यक्ति को आत्ममंथन करना होगा कि क्या हम ऐसा समाज बनाने में योगदान दे रहे हैं,जहां किसी भी महिला के लापता होने की स्थिति न बने। कन्या भ्रूणहत्या करने वाले तथा दहेज के लिये विवाहिता को मारने वाले भी इसी समाज का हिस्सा हैं, जो महिलाओं के प्रति क्रूरता का ही एक रूप है। देश के कई भागों में असंतुलित लिंग अनुपात भी स्त्री विरोधी सोच की बानगी है। यह सोच महज सख्त कानून से नहीं बदलने वाली। हमें सोचना होगा कि महिलाएं क्यों यौन हिंसा की शिकार बन रही हैं? क्यों समाज में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, अपहरण व दुष्कर्म के मामले लगातार बढ़ रहे हैं? जाहिरा तौर पर ये समाज में पनप रही विषाक्त सोच की ही परिणति है। यह तय है कि किसी भी समाज में महिलाओं की स्थिति उसके सभ्य या असभ्य होने का परिचायक है। हमें अपने गिरेबां में झांकना होगा कि हम इस कसौटी पर कहां खड़े हैं? जिसके लिये समाज और राजनीतिक नेतृत्व को गंभीर पहल करनी होगी।

# मानव तस्करी पर चिंताजनक रिपोर्ट

**एजेंसी**

*रिपोर्ट बतलाती है कि 13 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 15 फीसदी से अधिक बच्चे विभिन्न तरह की दुकानों, ढाबों एवं उद्योगों में काम करते हैं, तो वहीं 13 फीसदी कपड़े की दुकानों से आजीविका प्राप्त करते हैं। 11 फीसदी से ज्यादा बच्चे खुदरा दुकानों में काम करते हुए गुजारा कर रहे हैं।*

मानव तस्करी निषेध दिवस पर वर्ष 2016 से 2022 तक की जारी रिपोर्ट न केवल चिंताजनक है वरन वह विकास की पोल खोलती हुई भी नजर आती है। यह रिपोर्ट रविवार को नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा उन्हीं के नाम से स्थापित चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवं एनजीओ गेम्स 24 गुणा 7 की ओर से जारी की गयी। इसे 'चाइल्ड ट्रेफिकिंग इन इंडियाः इनसाइट्स फ्रॉम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड दी नीड फॉर टेक ड्रिवन इंटरवेंशन स्ट्रेटेजी' के नाम से प्रकाशित किया गया है। इसमें 2016–22 के दौरान हुई मानव तस्करी के विस्तृत आंकड़े व विवरण तो दिये ही गये हैं, इस अपराध की रोकथाम के उपाय भी सुझाए गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि मानव तस्करी रोकने के लिये सम्बन्धित कानूनों का कड़ाई से पालन करने के साथ उन सामाजिक परिस्थितियों को समाप्त किया जाए जो इस समस्या के मूल में हैं। वैसे इस रिपोर्ट के अनुसार कोरोना के बाद मानव तस्करी में बेतहाशा इजाफा दर्ज हुआ है, विशेषकर बच्चों की तस्करी के मामले में। देश के 21 राज्यों और 262 जिलों में किये गये सर्वेक्षणों के आधार पर तैयार रिपोर्ट में ऐसे अनेक चिंताजनक खुलासे हुए हैं जिन पर सरकार को तत्काल संज्ञान लेने तथा समग्र समाज को इस समस्या से मुक्तिपाने के लिये कमर कसने की जरूरत है। इसमें बताया गया है कि उपरोक्त बतलाई गयी अवधि में ज्यादातर बच्चों की ही तस्करी हुई है लेकिन महामारी के पश्चात ऐसे मामलों में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह साबित करता है कि बच्चे और उनके परिवार घोर गरीबी व भुखमरी के शिकार हुए हैं तभी उनके बच्चों को उनकी मर्जी से अथवा बिना सहमति या मर्जी के उनके गृह नगर, गांव या कस्बों को छोड़कर अन्य शहरों का रुख करना पड़ा। जाहिर है कि बड़े पैमाने पर बच्चों को उनके जीवन जीने और शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ा है। रिपोर्ट बतलाती है कि 13 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 15 फीसदी से अधिक बच्चे विभिन्न तरह की दुकानों, ढाबों एवं उद्योगों में काम करते हैं, तो वहीं 13 फीसदी कपड़े की दुकानों से आजीविका प्राप्त करते हैं। 11 फीसदी से ज्यादा बच्चे खुदरा दुकानों में काम करते हुए गुजारा कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित अवधि यानी 2016–22 के दौरान जिन बच्चों की तस्करी की गयी उनमें 13 फीसदी 9 से 12 वर्ष और 2 फीसदी 9 साल से कम उम्र के हैं। फाउंडेशन व सहयोगी संगठनों ने 13500 से ज्यादा बच्चों को उनके कामों (दुकानें, ढाबे, उद्योग) से छुड़ाया। जिन बच्चों को मुक्त कराया उनमें से 80 प्रतिशत 18 वर्ष से कम आयु के हैं जो यह बतलाने के लिये काफी है कि देश में बाल श्रम कानूनों का जमकर उल्लंघन हो रहा है। कुछ खतरनाक उद्योगों में भी काम करते हुए बच्चे मिले जिन्हें छुड़ाया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार



और आंध्र प्रदेश से सर्वाधिक बच्चों की तस्करी हुई। शहरों की बात करें तो जयपुर व दिल्ली में सबसे ज्यादा ऐसे बच्चों को विभिन्न तरह के कामों के लिये पहुंचाया गया। रिपोर्ट समाज के इस दुखद पहलू की ओर भी ध्यान दिलाती है कि कोविड–19 ने देश में जो आर्थिक तबाही लाई है, उसका सीधा असर बच्चों पर भी पड़ा है। घर में रोटी कमाने वाले की मृत्यु होने या परिवार के मुखिया के रोजगार चले जाने जैसे कारण इसके पीछे हो सकते हैं जिसके चलते बच्चों के कोमल कांधों पर उनके अपने और सम्भवतरू साथ में परिवारजनों के पेट भरने की जिम्मेदारी भी आन पड़ी होगी। पारिवारिक कलह भी एक कारण हो सकता है। चाहे जिन कारणों से भी बच्चों को घर छोड़कर कच्ची आयु में रोजी–रोटी के लिये संघर्ष करना पड़ा हो, बेशक यह स्थिति सरकार व समाज दोनों के ही लिये बहुत शर्मनाक है। यह भी ध्यान रहे कि यह देश की सच्चाई का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। असली तस्वीर इसके मुकाबले बहुत बड़ी है। घरेलू नौकरों के रूप में या सुदूर गांवों आदि में ले जाये गये तथा वहां काम करते हुए बच्चे प्रशासन की निगाहों से बच जाते हैं। उनके लिये कानून के उल्लंघन से अधिक महत्वपूर्ण दो जून की रोटी का जुगाड़ है। बहुत से बच्चे काम खो जाने के भय व अपनी जरूरत के चलते प्रशासन या उन्हें छुड़ाने वाले संगठनों से स्वयं की जानकारी को छिपा जाते हैं। यह रिपोर्ट विकास के खोखलेपन को भी उजागर करती है और अनेक विसंगतियों को सामने लाती है। एक ओर तो भारत दुनिया भर में अपनी महानता और विशाल अर्थव्यवस्था होने का दावा करता फिर रहा है, वहीं यह रिपोर्ट इस बात का साक्ष्य है कि देश का सामाजिक सुरक्षा का ढांचा बेहद ढीला–ढाला है और मानव विकास से संबंधित कार्यक्रमों को लागू करने वाली व्यवस्था एकदम से प्रभावहीन है। जिन बच्चों को कल के हिन्दुस्तान की तस्वीर कहकर महिमा मंडित किया जाता है वे छोटी–मोटी दुकानों में राशन–परचून बेचते, ढाबों व खानपान के ठेलों के पीछे जूठे बर्तन मांजते, उद्योगों में काम करते हुए या ऐसे ही किसी असंगठित क्षेत्र में मेहनत–मजदूरी करते हुए अपने वर्तमान को स्वाहा कर रहे हैं। सरकार व समाज के पास उनके हाथों में किताबें थमाने व अच्छा जीवन देने की अब न तो इच्छा है और न ही समाज इसके लिये दृढ़ संकल्पित है। इस विश्वव्यापी (खासकर तीसरी दुनिया कहलाने वाले देशों की) समस्या की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रसंघ ने माना है कि श्मानव तस्करी एक संगीन अपराध है और मानवाधिकार का बड़ा उल्लंघन है। बच्चों को उनके अधिकार लौटाये बिना समृद्ध व खुशहाल देश की कल्पना करना बेकार है।

# योगी का ज्ञानवापी पर आह्वान

हिन्दुओं के देवाधिदेव कहे जाने वाले भगवान विश्वनाथ की नगरी काशी भारत की अस्मिता का प्रतीक इस स्वरूप में रही है कि इस नगर को बसाने का श्रेय स्वयं भगवान शंकर को ही जाता है। बेशक यह भारतीय पौराणिक हिन्दू धर्म ग्रन्थों की मान्यता है परन्तु भारत के लोगों का इसमें विश्वास बताता है कि यह प्रश्न केवल आस्था का न होकर इस देश के पुरातन धार्मिक इतिहास का है। इतिहास भी हमें इसके पक्ष में ही दस्तावेज मुहैया काराता है और कहता है कि 1669 में मुगल सम्राट औरंगजेब ने शाही फरमान जारी कर काशी या बनारस के विश्वनाथ मन्दिर को विध्वंस करने का आदेश दिया था। इस शाही फरमान के आलोक में यदि विश्वनाथ धाम परिसर में बने ज्ञानवापी क्षेत्र को मस्जिद का स्वरूप औरंगजेब काल में दिया गया तो निश्चित रूप से मुगलकाल में की गई यह ऐतिहासिक भूल या गलती थी जिसके परिमार्जन करने के अधिकार से हिन्दुओं को बेदखल नहीं किया जा सकता क्योंकि औरंगजेब का यह कृत्य इस देश की सांस्कृतिक धरोहर को ही नष्ट करने का था। जिस प्रकार औरंगजेब के पिता द्वारा आगरा में बनवाये गये 'ताजमहल' के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कही जायेगी उसी प्रकार ज्ञानवापी क्षेत्र को मस्जिद स्वरूप में परिवर्तित करने के प्रयास को देखा जायेगा, बेशक यह प्रयास 17वीं सदी में क्यों न किया गया हो। अतः उत्तर प्रदेश के



मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ का यह कथन पूर्णतः तार्किक व वैज्ञानिक सबूतों पर आधारित है कि ज्ञानवापी क्षेत्र को मस्जिद कहना गलत है और इतिहास की इस गलती को स्वीकार करते हुए मस्जिद की इंतजामिया कमेटी को स्वयं ही एक प्रस्ताव करके ज्ञानवापी को हिन्दुओं को सौंप देना चाहिए और अदालतों के चक्कर नहीं काटने चाहिए। योगी आदित्यनाथ उस 'नाथ सम्प्रदाय' की गोरखनाथ पीठ के महन्त हैं जो 'अलख निरंजन' में विश्वास रखती है। इसका अर्थ ईश्वर के निराकार स्वरूप से होता है और मानवता की प्रतिष्ठापना इसका लक्ष्य होता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जरूरी होता है कि आदमी सबसे पहले इंसान बने और उसमें आपस में भाईचारा हो। इसी भाईचारे को आधार बना कर 1920 में देवबन्द इस्लामी विचार पर गठित जमीयत उल–उलमा–ए–हिन्द के प्रमुख मौलाना हसन मदनी ने पाकिस्तान निर्माण का विरोध करते हुए भारत के लोगों की संस्कृति को 'मुत्तेहैदा कौमियत' का नाम दिया था और मुस्लिम लीग के नेताओं को चुनौती दी थी कि वे भारत के मुसलमानों की अलग कौमियत के सिद्धान्त पर उनसे बहस करने की हिम्मत करें। यह मुत्तेहैदा कौमियत यही है कि हिन्दू और मुसलमान सदियों से एक–दूसरे की भावनाओं व मान्यताओं का सम्मान करते हुए भारत में रहते आ रहे हैं और इस देश की सामाजिक–आर्थिक संरचना का हिस्सा है। इसी मुत्तेहैदा कौमियत की मांग है कि कांशी के ज्ञानवापी क्षेत्र में मस्जिद का निर्माण मन्दिर के भग्नावशेषा के ऊपर ही करा कर औरंगजेब ने जो ऐतिहासिक गलती की थी उसमें स्वयं मुस्लिम बन्धुओं द्वारा ही सुधार करने की शुरूआत की जाये और भारत की एकता को सुदृढ़ बनाया जाये। हमें नहीं भूलना चाहिए कि भारत के मुस्लिम सुल्तानों से लेकर मुगल बादशाहों तक ने इसकी संस्कृति का सम्मान किया है। औरंगजेब या कुछ सुल्तान इसका अपवाद जरूर हो सकते हैं मगर भारतीय मुसलमानों ने भी भारत की संस्कृति का सम्मान करके ही शासन किया। मुस्लिम सुल्तान अलाऊद्दीन खिलजी और मुहम्मद बिन तुगलक ने हिन्दू देवी–देवताओं की तस्वीर वाले सिक्के तक चलाये। मुगल सम्राट अकबर हिमाचल में स्थित ज्वाला देवी के मन्दिर में पैदल यात्रा करके गया। यदि वर्तमान भारत की बात करें तो बरेली में 'चुन्ना मियां' का बनाया भगवान लक्ष्मी नारायण का मन्दिर भी हमारे सामने है और दिल्ली की फतेहपुरी मस्जिद को छुड़ाने के लिए नगर 'सेठ छुन्ना मल' द्वारा दिया गया धन भी यही कहानी कहता है। अन्तिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वारा जमुना जी किनारे शुरू कराई गई राम लीला भी इसकी गवाही देती है। यही तो मुत्तेहैदा कौमियत होती है। काशी विश्वनाथ की कथित मस्जिद की दीवारों से लेकर उसका पूरा स्थापत्य ढांचा चीख–चीख कर कह रहा है कि मन्दिर के ढांचे के ऊपर ही औरंगजेब काल में मस्जिद के गुम्बद बना दिये गये और शाही रुआब कायम करने के लिए वहां बाद में नमाज पढ़ना भी शुरू कर दिया गया। वरना मस्जिद के अन्दर हिन्दू देवी–देवताओं की खंडित मूर्तियां व संस्कृत के श्लोक क्या कर रहे हैं। हालांकि यह मामला अब इलाहाबाद उच्च न्यायालय में है और 3 अगस्त को न्यायालय फैसला देगा कि ज्ञानवापी क्षेत्र का भारतीय पुरात्तव विभाग से सर्वेक्षण कराया जाये या नहीं मगर इस्लाम के सिद्धान्त भी कहते हैं कि किसी दूसरे धर्म के स्थल को मस्जिद में नहीं बदला जा सकता। इसलिए राष्ट्रहित व हिन्दू–मुस्लिम एकता के लिए ज्ञानवापी क्षेत्र पर कुछ मुस्लिम लोगों को जिद छोड़ कर उस भारत की सामाजिक एकता के बारे में सोचना चाहिए जिसके लिए लाखों हिन्दू–मुसलमानों ने अपनी कुर्बानियां दी हैं। योगी आदित्यनाथ ने जो सुझाव दिया है उसका एक कानूनी पहलू भी है क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार के रिकार्ड में 1964 के करीब ही यह आ गया था कि पूरा विश्वनाथ धाम क्षेत्र काशी परिक्षेत्र ही है और उस समय राज्य में कांग्रेस की श्रीमती सुचेता कृपलानी की सरकार थी। 1993 से पहले हिन्दू भक्तों के लिए मस्जिद के अन्दर जाकर पूजा करने की भी छूट थी। यह कार्य मुस्लिम नागरिकों की सहमति से ही होता था।

# विकास और वन संरक्षण मे संतुलन

**आदित्य नारायण**

वन संरक्षण समय की जरूरत है। वन महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं जो भूमि के बड़े हिस्से को कवर किए हुए हैं। वनों से ही मानव को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। जंगल वातावरण को संतुलित रखते हैं। वन्य प्रणियों को आश्रय इन्हीं से मिलता है। मनुष्य के दैनिक जीवन की चीजों की समुचित आपूर्ध्त में वनों का महत्वपूर्ण योगदान है। जीवन की छोटी–छोटी जरूरतें और आयुर्वेदिक औषधियां भी वनों से ही प्राप्त होती हैं। जंगल शुद्ध प्राण वायु देते हैं इसलिए मनुष्य और समस्त जीव–जंतुओं के लिए यह प्रकृति द्वारा प्रदत्त अमूल्य धरोहर है। वनों को काट–काट कर बस्तियां बसाने का परिणाम हम देख रहे हैं। वनों का क्षेत्रफल घट जाने से पर्यावरण को काफी नुक्सान पहुंच चुका है। अब हमें लगातार प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। वन संरक्षण का अर्थ वनों को विभिन्न कारकों द्वारा नष्ट होने से बचाना है। हाल ही में वन संरक्षण संशोधन विधेयक लोकसभा में पारितध्कर दिया गया। इस विधेयक को लेकर दो मुख्य चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। पहली ध्चिंता वनों की कानूनी परिभाषा को लेकर है। दूसरी चिंता वनों पर निर्भर समुदाय के अधिकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जंगल बचेंगे कैसे? वर्ष 1980 का वन संरक्षण अधिनियम अपने संरक्षणवादी रुख के लिए जाना जाता था जिससे वन संबंधी मंजूरी प्राप्त करना अधिक समय लेने वाला और महंगा हो गया था। हालांकि नये संशोधन अधिनियम के दायरे को 25 अक्तूबर 1980 के बाद केवल कानूनी रूप से अधिसूचित और सरकार द्वारा ध्चिह्नित वनों तक सीमित करता है। 1996 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया था जिसने 1980 के अधिनियम के दायरे को 'वन' के व्यापक अर्थ तक बढ़ा दिया था। अर्थात अब केवल कानूनी रूप से वन के रूप में अधिसूचित क्षेत्रों की बजाय पेड़ों वाले क्षेत्र भी इसमें शामिल होंगे। वन संरक्षण संशोधन विधेयक अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के 100 किमी. के भीतर सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे के लिए छूट प्रदान करता है। दुर्भाग्य से इसमें पूर्वोत्तर भारत के जंगलों और उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी जंगलों और घास के मैदानों जैसे पारिस्थतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों को शामिल नहीं किया गया है जो अपनी जैव विविधता के लिए जाने जाते हैं। जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए इन संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्रों को संरक्षित करना अवश्यक है। यह संशोधन चिड़ियाघर, सफारी पार्क और इको–पर्यटन सुविधाओं जैसी घ्निर्माण परियोजनाओं के लिए छूट प्रदान करता है। यद्यपि कृत्रिम रूप से निर्मित हरित क्षेत्र प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का स्थान नहीं ले सकते, जो आवश्यक पारिस्थितिक तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा विधेयक केन्द्र सरकार को किसी भी वांछित उपयोग को निर्दिष्ट करने की अप्रतिबंधित शक्तियां प्रदान करता है जिससे उचित पर्यावरणीय जांच के बिना वन संसाधनों के संभावित दोहन के बारे में चिंताएं बढ़ जाती हैं। यह विधेयक मार्च महीने में 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति मई में जेपीसी द्वारा जनता के सुझाव आमंत्रित किए गये थे। समिति ने विधेयक में कोई बदलाव प्रस्तावित नहीं किया था। हालांकि विपक्ष के 6 सांसदों ने असहमति नोट दाखिल किया था। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में वन भूमि को अधिनियम के दायरे से छूट देने पर आपत्ति जताई थी जो विशेष रूप से हिमालय क्षेत्र में जैवध विविधता और वन कवरेज के लिए हानिकारक हो सकता है। इस विधेयक के कानून बन जाने से मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और मणिपुर के अत्यधिक संवेदनशील राज्यों के पूरे क्षेत्र को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के सतर्कता दायरे से ही बाहर कर दिया जाएगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि प्रस्तावना के अनुसार, एफसीएबी का उद्देश्य कॉर्पोरेट के लिए मार्ग प्रशस्त करना और वाणिज्यिक उपयोग के लिए वन भूमि को खोलना है लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्र जो पांच देशों से घिरा है और अवर्गीकृत वन श्रेणी के तहत सबसे बड़ा क्षेत्र है, की तुलना में कहीं भी इसका इतना व्यापक प्रभाव नहीं होने वाला है। यह क्षेत्र एक जैव–विविधता हॉटस्पॉट के रूप में मान्यता प्राप्त है। वन संरक्षण के लिए आवाज उठाने वालों का कहना है कि सख्त मंजूरी नियमों के बिना इन नाजुक पहाड़ों पर परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के निर्माण की अनुमति देना, मौजूदा पारिस्थितिकी तंत्र को और भी अधिक खतरे में डाल देगा। उन्होंने कहा कि जहां एफसीएबी पूरे देश को प्रभावित करेगा वहीं पूर्वोत्तर राज्यों को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा क्योंकि एफसी एक्ट 1980 के सुरक्षात्मक आवरण को ही हटाने का प्रस्ताव है।ष्नए कानून में, यदि अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के 100 किलोमीटर के भीतर 'राष्ट्रीय सुरक्षा' और 'राष्ट्रीय महत्व' से संबंधित किसी भी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए साइटों के रूप में वन भूमि को चुना जाता है तो उसे मौजूदा एफसी एक्ट 1980 के दायरे से बाहर करने की मांग की गई है।

# दो घण्टे की बारिश ने किया दबोह नगर को लबालब, घुटनों तक भरा सड़क पर पानी





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** काफी दिनों से पानी के लिए तरस रहे दबोह के लोगो की आज इंद्र देव ने सुन ली और दोपहर में नगर में झमाझम बारिश कर दी और इस बारिश से किसानों के चेहरे तो खिले तो वहीं इस बारिश ने दबोह नगर परिषद की कार्य प्रणाली की भी पोल खोल दी।नगर में हुई मात्र दो घण्टे की बारिश ने नगर की ऐसी कोई गली या मुख्य बाजार नही बचा जिसमे बाड़ जैसे हालत पैदा न हुए हो।जबकि दबोह नगर परिषद नालों की सफाई के लिए लाखों रुपये खर्च कर चुकी हैं।लेकिन वह किसकी सफाई और कहां की सफाई में खर्च हुए यह कहना मुश्किल है या फिर सिर्फ कागजी खर्च हुए तभी तो धरातल पर स्तिथि आज इतनी बेकार दिखी।वैसे सुबह से ही हल्की बारिश हो रही थी पर दोपहर के समय अचानक बारिश ने तेजी पकड़ ली और मात्र दो घण्टे की तेज बारिश ने नगर के निचली बस्तियां पानी से लवालव हो गई।वहीं भिंड भांडेर रोड पर पानी भरने से रोड तालाब नजर आने लगे।जिसके चलते रोड पर जाम की स्थिति बन गई नगर के चौक मोहल्ला में लोगो के घरों में पानी घुस गया तो वहीँ रीछा मोहल्ला में काफी जलभराव से आवागमन बन्द हो गया है।वहीं पुरानी हाट में बना नाला ओवर फ्लो होने से रोड पर पानी आ गया।स्वयं प्रभा,सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की गली में पानी भरने के कारण छात्र,छात्राओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी।इस तेज बारिश ने अपने दो घण्टे में नगर के कई इलाको को इलाको से काट दिया था।वहीं कोंच रोड स्तिथ कुछ दुकानों में तो नाले का गन्दा पानी तक भर गया जिसकी वजह से दुकानदारों का काफी नुकसान हो गया।सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिला प्रशासन ने वर्षात के पूर्व सभी नाले नालियों की सफाई करने के लिए नगर परिषद को निर्देशित किया था पर अपने ही अहम में भूली नगर परिषद ने नगर में सफाई की खानापूर्ति कर अपने काम की इतिश्री कर ली।

**हर वर्ष लाखो रुपये सफाई व्यवस्था पर होते खर्च फिर भी सफाई नहीं**-चिंतित करने वाली बात यह है कि नप दबोह हर वर्ष लाखो रुपए का लेखा जोखा सफाई व्यवस्था के नाम पर खर्च करती है परंतु धरातल पर हर गली,मोहल्ले,चौराहे पर कचड़े के ढेर आपको देखने को मिल जाएंगे।हां लेकिन जब स्वच्छता अभियान का सर्वे करने बाहर की टीम आती है तब जरूर 50त्न सफाई सिर्फ 2-3 दिन के लिए देखने को मिल जाती है।फिलहाल तो इतना कहना मुनासिब होगा कि जब बारिश ने अपने शुरुआती दौर में सड़कों को लबालब कर दिया तो आने वाले दिनों में अगर 4-5 घण्टे लगातार बारिश हुई तो फिर तो आधे से ज्यादा नगर बाड़ जैसे हालातो में तब्दील हो जायेगा और दुकान दारो को दुकाने खाली करनी पड़ेंगी।

**2 घण्टे की झमाझम बारिश से गिरा मकान,कोई हताहत नहीं**-वहीं 2 घण्टे की लगातार बारिश का कहर ऐसा बरपा की दबोह नगर के वार्ड नम्बर 04 में वीरेंद्र शर्मा( फरदुआ वालो )के पीछे का मकान ही ढह गया।वार्डवासियों ने बताया कि मकान वर्षो से खाली पड़ा है और मकान मालिक बाहर रहते हैं जिसकी वजह से उसकी देखरेख नही हो पाती थी।फिलहाल तो मकान कच्चा था और कोई रहता भी नही था जिसकी वजह से कोई हताहत नही हुई।वहीं वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि मकान ढहने की सूचना उन्होंने नगर परिषद में कर्मचारी को भी फोन पर दी थी पर उनका कहना है कि मलवा स्वयं हटवाना पड़ेगा।लेकिन समस्या यह है कि मकान मालिक बाहर रहते है और मकान का मलवा बीच गली में पड़ा है जिससे लोगों को गली से निकलने में परेशानी आ रही है।



# पशुपालकों, सपेरों, महिलाओं और मुस्लिमों ने किया स्वागत

**बिटनेरा।** हीरापुर और मुलठान में पशुपालकों के साथ ही सपेरों और मुस्लिमों ने भी सचिन यादव, अरूण यादव और आस्था यात्रियों का स्वागत किया । अदलपुरा में मुस्लिम समाज के सदर आसिफ खॉन ने सचिन यादव का फलों से तुलादान किया । यहॉ पर आरिफ हजारी, आरिफ खॉन, इसराईल मंसूरी , जाकिर खॉन, सजाउद्दीन मंसूरी, सलीम मेवाती और गुलाम मंसूरी के साथ ग्रामीणों ने सचिन यादव का भव्य स्वागत किया । मूलठान में महिलाओं ने भी सचिन यादव और अरूण यादव का स्वागत किया । सचिन यादव ने बताया कि हर स्थान पर आस्था यात्रियों का सर्वहारा वर्ग द्वारा भव्य और आत्मीय स्वागत किया जा रहा है । मैं आस्था यात्रा के स्वागत से अभिभूत हूॅ । इसके पूर्व बुधवार को सायंकाल में आस्था यात्रा के बिटनेरा आगमन पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया । अभिषेक पाठक और अतुल पाठक ने सचिन यादव का श्रीफल से तुलादान भी किया । पूरे रास्ते 7 स्थानों पर ग्रामीणों ने सचिन यादव का तुलादान किया । रात्रि विश्राम स्थल पर भजन संध्या का आयोजन हुआ । इस आस्था यात्रा के सगुर भगुर से बिटनेरा तक 22 किमी का सफर तय करने में लगभग 11 घण्टे से अधिक का समय लगा । दूसरे दिन गुरूवार को यह आस्था यात्रा सुबह हीरापुर से होते हुए दोपहर में मुलठान पहॅुची । यहॉ पर आस्था यात्रा के विराम के साथ दोपहर का भोज हुआ । आज गुरूवार को 19 किमी की यह आस्था यात्रा डेडगॉव उटावद, उमरिया होते हुए रात को बोरावां पहॅुचेगी । यहॉ पर भोजन के बाद आस्था यात्री रात्रि विश्राम करेंगें । बोरावां में भजन संध्या का भी आयोजन होगा ।

## दबोह थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी गयी मोटरसाइकिल, मोबाइल व नगदी रकम के साथ 12 घण्टे के भीतर पकड़ा आरोपी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**




**दबोह।** भिण्ड पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में चोरी गये वाहनों की बरामदगी करने हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।दिनांक 02 8.2023 को फरियादी सुरेश जाटव ने अपनी मोटरसाइकिल स्पलैण्डर क्र. एमपी 30 एमएल 1844,सैमसंग का कीपैड मोबाइल एवं 1250 रूपये जगदी के दिनांक 01.08.2023 की रात्रि में चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी।जिस पर से थाना दबोह में अप.क्र.143/23 पास 457,380 भादवि का दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तहार श्री अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दबोह जिरी संजीव तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा त्वस्ति कार्यवाही करते हुए अज्ञात चोर व माल की पतारसी की गयी तभी मुखबिर सूचना पर से ग्राम अमादा के द्वार में से आरोपी के कब्जे से चोरी गयी मोटरसाइकिल,मोबाइल व नगदी रकम कुल 47250 रूपये का माल थाना दबोह टीम द्वारा 12 घण्टे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर मान.न्यायालय लहार पेश किया बाद जेल वारण्ट प्राप्त कर उपजेल लहार में दाखिल किया।

**सम्पूर्ण कार्यवाही में इनकी रही सराहनीय भूमिका**-उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी दबोह निरी. संजीव तिवारी,उनि देवेन्द्र राठौर,सउनि राजकिशोर तिवारी, आर 1194 राजू यादव,आर 743 सतेन्द्र सिंह गुर्जर, आर. 374 अभिषेक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रावतपुरा थाना पुलिस द्वारा दो व्यक्ति अबैध कट्टे एवं कारतूस सहित किये गिरफ्तार




**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार।** थाना प्रभारी रावतपुरा रामशरण शर्मा व उनकी टीम के द्वारा दो आरोपियों को अबैध कट्टे एवं राउंड सहित किया गिरफ्तार,रावतपुरा थाना प्रभारी रामशरण शर्मा द्वारा बताया गया कि 01तारीख की शाम इलाका भ्रमण के दौरान कंडाई नाला पुलिया लहार दबोह रोड पर दो व्यक्ति संदिग्ध अबस्था में दिखे जो पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगे जिन्हें फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा गया, तलाशी के दौरान दोनों संदिग्ध व्यक्ति अपनी अपनी कमर में देशी 315 बोर का लोडिड कट्टा लगाए हुए पाए गए आरोपियों से नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम अमित दीक्षित पुत्र सन्तोष दीक्षित निवासी मछंड व सतीश पुत्र अशोक दोहरे निवासी धौंनपुरा (लहार)का होना बताया,मौके पर कट्टा व कारतूस जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया,इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामशरण शर्मा,प्रधान आर. कमलेश कुमार,आर.महेंद्र प्रजापति,आर.रबिन्द्र सिंह राजपूत,आर.संजय दुवे,आर. सूरज खरे,आर.चरण सिंह,आर. नीरज आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# ट्रॉली चोर ऊमरी पुलिस की गिरफ्त में चोरी में प्रयुक्त सोनालिका कंपनी का एक ट्रेक्टर जप्त

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ऊमरी।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपूसे के निर्देशन में तथा श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड अरविन्द शाह के मार्ग दर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा दिनांक 24/05/2023 को ग्राम रूर से हुई ट्राली चोरी में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की । दिनांक 05/06/2023 को फरियादी संतोष यादव पुत्र सोबरन सिंह निवासी ग्राम रूर ने थाना ऊमरी में रिपोर्ट की, कि दिनांक 24/05/2023 को मैने अपने ट्रेक्टर की ट्राली गांव में स्कूल के पास खड़ी कर दी थी और मै अपनी ससुराल मैनपुरी चला गया था दिनांक 27/05/2023 को जब मै वापस आया तो मुझे मेरी ट्राली नहीं मिली



जिसे कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गये । फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना ऊमरी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध क्र. 143/2023 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। चोरी गई ट्राली की बरामदगी एवं अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मजबूत मुखबिर तंत्र की मदद से चोरी गई ट्राली का पता लगाया गया तथा मुखबिर की सूचना पर दविश देकर मुखबिर के बताये अनुसार एक व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जिसने पूछताछ पर अपने अन्य 02 साथियों के साथ ट्राली चोरी करना बताया एवं ग्राम किटी में ट्राली को रखना बताया। आरोपी के मेमोरेण्डम के मुताबिक दिनांक 04/07/2023 को चोरी गई ट्राली को जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के मेमो. के मुताबिक प्रकरण में दो आरोपियों के नाम इजाफा किये गये थे। दिनांक 02/08/2023 को प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर को जप्त किया गया। शेष एक फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

**जप्त मसरूका का विवरण**-1- घटना में प्रयुक्त सोनालिका ट्रेक्टर कीमती 5 लाख रुपये।

**सराहनीय भूमिका**-उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, प्र. आर. राजवीर सिंह यादव, आशीष तिवारी, आरक्षक आलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## सफल बनने से भी ज्यादा जरूरी है अच्छा इंसान बनना : मुणोत

**पुष्पाजंली टुडे**



***बेंगलुरू।*** *नागार्जुन महाविद्यालय द्वारा चिकबल्लापुरा जिला के चीकमारली ग्राम मैं राष्टीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा कि सफल बनने से भी ज्यादा जरूरी है अच्छा इंसान बनना उन्होंने कहा डिग्री और ज्ञान से भी ज्यादा विवेक एवं संस्कारों का महत्व है आयोजकों ने को सम्मानित किया ।*

# विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर दबोह भाजपा मंडल की बैठक अयोजित



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कार्यकर्त्ता सम्मेलन को लेकर गुरुवार को दबोह मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक नगर महामंत्री राव साहब के निबास पर आयोजित की गई जिसमें पूर्व विधायक रसाल सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चौधरी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बरीष शर्मा (गुड्डू भैया)मौजूद रहे। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्त्ताओं का परिचय हुआ।इसके पश्चात लहार विधानसभा प्रभारी नवल मिश्रा ने सभी कार्यकर्त्ताओं को 09 अगस्त को लहार में होने बाले विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन की जानकारी दी साथ ही उन्होंने बताया इस बैठक में कौन कौन सदस्य अपेक्षित रहेगे। इसके साथ ही पूर्व विधायक रसाल सिंह ने बताया कि इस विधानसभा सम्मेलन में 13 हजार कार्यकर्त्ताओं की व्यवस्था रखी गई हैं।उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में शक्ति प्रमुख्य, पन्ना प्रमुख्य,अध्यक्ष के साथ ही सभी पोलिंग प्रमुख्य शामिल है।वहीं अम्बरीष शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है।हमे सभी कार्यकर्त्ताओं को एक साथ चुनाव में लगना है।लहार को कांग्रेस मुक्त करना ही हम लोगो का संकल्प है।लहार से कॉग्रेस मुक्त होगी समस्याएं अपने आप खत्म हो जाएगी।अशोक चौधरी ने कहा कि दबोह का बाईपास रोड केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयास से सम्भव हुआ है और उसका श्रेय कोई और ले रहा है यह कार्यकर्त्ताओ को समझना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडल से 6 हजार कार्यकर्त्ताओ का लक्ष्य रखा गया है।वहीं दबोह मंडल अध्यक्ष नेताओ के सामने अपना दुखड़ा सुनाते नजर आए तो कुछ कार्यकर्त्ताओं ने अपनी अपनी बात नेताओ के सामने रखते हुए अधिकारियों,कर्मचारियों की भी शिकायत की जिसे उपस्थित नेताओ ने उनका समाधान किया।इस बैठक में नगर महामंत्री राव सहाब गुर्जर,महामंत्री रविंद्र चिकवा,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अंजनी कुरचानिया, भगवान नायक,केशव गुप्ता,राजेन्द्र उदेनिया,पूर्व महामंत्री जसवंत दोहरे,पार्षद लालता कुशवाहा,हृदेश नायक,संजीव यादव,संजीव सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विदाई समारोह के दौरान भावुक हुए तहसीलदार बोले भिण्ड के लोगों से जो प्यार, अपनापन व सम्मान मिला उसका सदैव ऋणी रहूंगा

## नायाब तहसीलदार अमित दुबे का हुआ तबादला, अब शिवपुरी जिले में देंगे अपनी सेवाएं





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पाजंली टुडे**

**दबोह।** नायाब तहसीलदार अमित दुबे का तबादला जिला भिण्ड से शिवपुरी जिले में हो गया है।अब नायाब तहसीलदार अमित दुबे शिवपुरी जिले में अपनी सेवाएं देंगे।अमित दुबे लगभग पिछ्ले 06 वर्षों से भिण्ड में पदस्थ थे।इतने लम्बे समय से भिण्ड में रहने के साथ-साथ अपने सरल स्वभाव व मुस्कुराहट के कारण उनका भिण्ड जिले की लहार तहसील के लोगों से पारिवारिक रिश्ता सा बन गया था।इस दौरान अमित दुबे ने भिण्ड जिले की भिण्ड, लहार, गोहद, मौ,द बोह, आलमपुर, फूप जैसी तहसील व उपतहसीलो में अपनी सेवाएं दी है।जिसमे खास बात यह रही है कि अमित दुबे ने जिस जगह भी अपनी सेवाएं दी है वहाँ उन्होंने सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए अपने कार्य का निर्वहन किया है।बस यही कारण है कि लोगों में उनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ी कि वह सबके चहेते बनते चले गए चाहे वह युवा हो,व्यापारी हो,बुजुर्ग हो सबके दिलों में अपनी कार्यशैली की दम पर अपनी छवि को प्रदर्शित करते हुऐ एक अनूठी छाप छोड़ते हुए आंगे बड़ते चले गए।आज भले ही उनका स्थानांतरण शिवपुरी जिले के लिए हो गया हो लेकिन भिण्ड जिले के लोगों में उनकी यादें हमेशा बनी रहेगी उनके प्रति लोगो मे इतना प्रेम है कि जैसे ही 25 जुलाई को सोशल मीडिया पर उनके स्थानांनतरण की सूची आई वैसे ही लोगो के दिलो में उदासी छा गयी।परंतु फिर भी बड़े आदर प्यार व सम्मान के साथ पिछ्ले 5-6 दिनों से लगातार राजस्व परिवार के लोग,मीडिया व जनप्रतिनिधि उन्हे अपने घर या ग्राम में बुलाकर या फिर उनसे मिलकर उनका विदाई समारोह आयोजित कर रहे है।इस दौरान राजस्व परिवार दबोह-आलमपुर एवं क्षेत्रीय लोगों ने अपने ग्रामो में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।वही लोगों ने उनके कार्यकाल की खूब सराहना भी की।दबोह के स्थानीय विश्राम गृह पर विदाई समारोह के दौरान नायाब तहसीलदार अमित दुबे अपने प्रति लोगो का प्यार और अपनापन देखकर भावुक हो गए।उन्होंने कहा कि स्थानांतरण में जाना एक प्रशासनिक प्रक्रिया है जिसके तहत हमे एक जगह से दूसरी जगह जाना ही पड़ता है।यहाँ से जाते समय दुःख तो बहुत हो रहा है परंतु मुझे यहाँ के लोगों और अपनी टीम का जो सहयोग और प्यार मिला है उससे मैं बहुत ही अभिभूत हूँ।कठिन से कठिन समय में भी लोगों ने मुझे जो सहयोग किया है।इसके लिए मैं यहां के लोगों का शुक्रगुजार रहूँगा।बस इसी खुशी के साथ उस दुःख को भुलाने का प्रयास कर रहा हूँ शासकीय नौकरी में आना जाना तो लगा ही रहता है।लेकिन अच्छे लोग व अच्छे कार्य हमेशा जिंदगी में याद रहते है। यहाँ से जाते-जाते मैं आप सभी से एक बात और बोलना चाहूंगा कि यदि मेरी कार्यशैली से किसी व्यक्ति को कोई दुःख हुआ हो या कोई ठेस पहुँची हो तो मैं उनका क्षमा प्रार्थी हूँ अपने दिल से सारे गिले शिकवे मिटा कर मुझे माड़ करने की कोशिश करें।

## वह जब भी खेलेंगे तो अच्छा प्रदर्शन करेंगे, इस स्पिनर की तारीफ में बोले शार्दुल ठाकुर

**नई दिल्ली ।** वह जब भी खेलेंगेयुजवेंद्र चहल ने अब तक दौरे में एक भी मैच नहीं खेला है लेकिन शार्दुल ठाकुर का मानना है कि लेग स्पिनर एक सिद्ध कलाकार है। वेस्टइंडीज में अपने प्रदर्शन से शार्दुल ठाकुर ने भारत की विश्व कप टीम में चयन के लिए मजबूत दावा पेश किया है। शार्दुल वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में सबसे सफल गेंदबाज बने, उन्होंने यहां निर्णायक मैच में 4/37



के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े के साथ तीन मैचों में 8 विकेट लिए। उन्होंने चहल को लेकर बयान में कहा, 'चहल बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, उन्होंने वर्षों तक प्रदर्शन किया है और खुद को साबित किया है। लेकिन उन्हें खिलाना है या नहीं यह प्रबंधन का फैसला है।' उन्होंने कहा, 'वह जिस तरह के खिलाड़ी हैं, जब भी खेलेंगे तो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह जो भी मैच खेलते हैं उसमें विकेट लेते हैं। मुझे नहीं लगता कि एक सीरीज नहीं खेलने से वह हतोत्साहित होंगे।'

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए एशियाई खेलों की तैयारी को पुख्ता करने उतरेगी भारतीय टीम

**चेन्नई :** खिताब की प्रबल दावेदार और तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिये एशियाई खेलों की अपनी तैयारी पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और यहां राधाकृष्णन स्टेडियम पर चीन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस मैदान पर 2007



के बाद पहली बार कोई बड़ा टूर्नामेंट हो रहा है। भारत 2011 के बाद पहली बार एसीटी की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम का मकसद अपने खिलाड़ियों को आजमाना और एशियाई प्रतिद्वंद्वियों का आकलन करना होगा। एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच खेले जायेंगे। एशियाई खेलों के जरिये पेरिस ओलंपिक का सीधे टिकट मिलेगा लिहाजा भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी को हलके में नहीं लेगी।

## युवाओं को मौके दे रहे हैं, रोहित-विराट को आराम दिए जाने पर बोले हार्दिक

**तारोबा :** स्टार हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में आराम इसलिए दिया गया ताकि विश्व कप से पहले युवा खिलाड़ियों को मौके मिल सकें। भारत ने तीन मैचो की श्रृंखला 2.1 से जीती। हार्दिक ने तीसरा वनडे 200 रन से जीतने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'विराट और रोहित टीम का अभिन्न अंग हैं। वैसे रूतुराज और अक्षर को भी मौका देना जरूरी था क्योंकि वे इतने साल से खेल रहे हैं।



उन्हें पता हैं कि इस तरह की परिस्थितियों में कैसे खेलना है।' उन्होंने कहा, 'इसका मकसद युवाओं को मौका देना था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अगर हमें किसी को परखना है तो उसका मौका दिया जाए।' पहले दो मैच में नाकाम रहने के बाद हार्दिक ने तीसरे मैच में 52 गेंद में नाबाद 70 रन बनाए और उन्होंने इसके लिए कोहली को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैने विराट से दो दिन पहले काफी उपयोगी चर्चा की। उसने मुझे सलाह दी। वह मुझे इतने साल से खेलते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रीज पर कुछ समय बिताओ और 50 ओवरों का मैच खेलने की आदत डालो। उसने महत्वपूर्ण सलाह दी जो मेरे दिमाग में रही।'

# इंडियन सुपर लीग में प्रतिस्पर्धा करने वाला 12वां क्लब बना पंजाब एफसी

**मुंबई।** पंजाब एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में हिस्सा लेने वाला 12वां क्लब बन गया है। आईएसएल ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर पहला क्लब बन गया।इंडियन सुपर लीग के प्रवक्ता ने कहा, 'हमें इंडियन सुपर लीग परिवार में पंजाब एफसी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। पंजाब एफसी उत्साह, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प की एक नई लहर लाता है। जैसा कि आईएसएल इस सीजन में अपने 10वें वर्ष का जश्न मना रहा है, लीग भारतीय फुटबॉल




पंजाब एफसी के आगामी 2023-24 सीज़न से लीग में हिस्सा लेने की घोषणा की। पंजाब एफसी 2022-23 आई-लीग खिताब जीतने के कारण आईएसएल में पदोन्नत होने वाला की आईएसएल में पदोन्नति से भारत में खेल के प्रति प्रशंसकों की रुचि और उपस्थिति में और तेजी आएगी। यह पंजाब के जुनूनी फुटबॉल प्रशंसकों का प्रतिनिधित्व करते हुए लीग में को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से एक समावेशी और मजबूत लीग पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के अपने वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

# फीडे विश्व कप शतरंज - मैरी ,दिव्या ,नारायनन, अभिमन्यु ,कार्तिक दूसरे दौर में




**नई दिल्ली।** बाकू , अजरबैजान , फीडे विश्व कप शतरंज के पुरुष वर्ग में पहले राउंड के बाद तीन भारतीय खिलाड़ी सीधे दूसरे दौर में जगह बनाने में कामयाब रहे है । दो क्लासिकल मुक़ाबले के राउंड में भारत के एसएल नारायनन नें बोस्टवाना के ओथोस्टे प्रोविडेंस को 2-0 से ,अभिमन्यु पौराणिक नें मेक्सिको के लुईस फरनान्डो को 2-0 से और कार्तिक वेंकटरमन नें यूएसए के ग्रीगोरी कैदनोव को 1.5-0.5 से मात देते हुए दूसरे राउंड में स्थान बना लिया है जबकि हर्षा भारतकोठी को जॉर्जिया के लेवान पन्त्सूलिया से ,अधिबन भास्करन को अंडोरा के हेडेर्सोन लांस से क्लासिकल के बाद स्कोर 1-1 रहने के कारण टाईब्रेक का सामना करना होगा । पुरुष वर्ग में भारत के डी गुकेश, विदित गुजराती ,अर्जुन एरिगासी , आर प्रज्ञानन्दा और निहाल सरीन सीधे दूसरे राउंड से विश्व कप खेलेंगे । महिला वर्ग में भारत की मैरी गोम्स नें क्यूबा की फोरगस मोरेनो को 1.5-0.5 से मात देते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली है जबकि समाचार लिखे जाने तक दिव्या देशमुख मलेशिया की अजहर पुतेरी से 1-0 से आगे खेल रही थी जबकि नंधिधा पीवी चीन की यान तियाङ्कि से 0.5-0.5 की बराबरी पर चल रही थी । भारत की कोनेरु हम्पी , हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली को दूसरे राउंड से सीधा प्रवेश दिया गया है।

# चेन्नई पहुंचने पर पाकिस्तानी कोच शेख शाहनाज ने कहा-हम भारत में खेलने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं

**चेन्नई।** पाकिस्तान के पुरुष हॉकी कोच शेख शाहनाज एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भाग लेने के लिए अपनी टीम के साथ चेन्नई पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टीम हमेशा भारत में खेलने के लिए उत्साहित रहती है। मंगलवार रात भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के चेन्नई पहुंचने से हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 से पहले शहर का माहौल उत्साहित हो गया। जहां चीन की पुरुष हॉकी टीम ने सीधे मेजबान शहर के लिए उड़ान भरी, वहीं पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ने अटारी (अमृतसर में वाघा बॉर्डर) से भारत में प्रवेश किया और फिर टीम ने बेंगलुरु होते हुए चेन्नई के लिए उड़ान भरी। टूर्नामेंट की तैयारियों और भारत में खेलने के बारे में बात करते हुए, पाकिस्तान के कोच शेख शाहनाज़ ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ÷हम भारत में खेलने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं और इससे निश्चित रूप से दबाव बढ़ता है, लेकिन अच्छी गुणवत्ता वाले खिलाड़ी जानते हैं कि कैसे प्रदर्शन करना है और अच्छा प्रदर्शन करना है। इसलिए हम दबाव में हैं और मैदान के अंदर




और बाहर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।'एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 3 अगस्त से 12 अगस्त तक खेली जाएगी। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, टूर्नामेंट में छह टीमें - भारत, पाकिस्तान, कोरिया, चीन, मलेशिया और जापान एक-दूसरे से भिड़ेंगी। पाकिस्तान, जिसने तीन बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है, भारत के साथ टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है, और अब उनका लक्ष्य रिकॉर्ड चौथी बार इस मायावी ट्रॉफी को जीतने का होगा। पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत 3 अगस्त को मलेशिया के खिलाफ करेगा।

पाकिस्तानी कोच ने कहा, ' हम यहां सकारात्मक हॉकी खेलने के लिए हैं और मेरा मानना है कि भारत और पाकिस्तान को एक-दूसरे के खिलाफ अधिक से अधिक मैच खेलने चाहिए क्योंकि इससे दोनों टीमों को अपने-अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एशियाई खेलों के लिए एक अच्छे अग्रदूत के रूप में काम करेगी क्योंकि हम चीन में उन्हीं टीमों के खिलाफ खेलेंगे, इसलिए यह टूर्नामेंट हमें अपने विरोधियों की ताकत और कमजोरियों की पहचान करने में मदद करेगा, मुझे कम से कम इस टूर्नामेंट का फाइनल खेलने की उम्मीद है।'

# वेस्टइंडीज के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बाद ईशान ने कहा- मैंने जो फिनिशिंग दी उससे खुश नहीं हूं

**तरौबा।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिनी में 77 रनों की बेहतरीन पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा कि वह अपने अर्धशतक को बड़ी पारी में न बदल पाने से निराश थे। मुकेश कुमार की शुरुआती सफलता के बाद शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से भारत ने बुधवार को तरौबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में तीसरा वनडे मैच 200 रनों से जीतकर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीत ली।ईशान किशन और शुभमन गिल के बीच 143 रनों की शानदार ओपनिंग साझेदारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर में 5 विकेट पर 351 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का अवॉर्ड पाने के बाद ईशान ने कहा कि वह सेट होने के बाद बड़ा स्कोर बनाना चाहते थे। ईशान ने कहा, मैंने जो फिनिशिंग दी, उससे




मैं इतना खुश नहीं हूं। मुझे सेट होने के बाद बड़ा स्कोर बनाना था। मेरे सीनियर्स ने मुझसे यही कहा था, मुझे रुकना चाहिए था और बड़ा स्कोर करना चाहिए था। अगली बार मैं यही कोशिश करूंगा। इस स्तर पर सेट होना महत्वपूर्ण है। आखिरी गेम को भूलना और 0 से शुरुआत करना महत्वपूर्ण है। मैं एक समय में एक गेंद लेने के बारे में सोच रहा था। शुभमन एक जबरदस्त खिलाड़ी है, मैंने देखा है कि वह गेंद को बीच में कैसे मारता है। उसे बीच से बाहर मारते हुए देखने से मुझे भी काफी आत्मविश्वास मिलता है।' उन्होंने कहा, इस स्तर पर जीतना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, इन खेलों से सीखना महत्वपूर्ण है। हम शुरुआती विकेट लेने की कोशिश कर रहे थे, और किसी भी गेंद को जाने नहीं दिया। हर कोई बहुत सकारात्मक दिख रहा है। मैंने यहां कुछ टूर्नामेंट खेले हैं और हम जानते हैं कि यहां विकेट कैसे खेलते हैं, वास्तव में अगले टी20 विश्व कप के बारे में नहीं सोच रहे हैं। आगामी टूर्नामेंटों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आप जानते हैं कि एक टूर्नामेंट आपके जीवन को कैसे बदल सकता है। हम अभी केवल उसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

## 47वां विला दे सिट्जस इंटरनेशनल: क्यूबा के डीलन बने विजेता , भारत के कौस्तुव को पाँचवाँ स्थान

**तरौबा।** सिट्जस में होने वाले विला दे सिट्जस इंटरनेशनल के 47वें संस्करण का खिताब क्यूबा के ग्रांड मास्टर डीलन बरनायेस नें अपने नाम किया , 9 राउंड में डीलन नें अपराजित रहते हुए 7 अंक बनाए।सातवे राउंड में यूएसए के कपिल चंद्रन और आठवे राउंड में स्लोवेनिया के टिम जंजेज़ पर जीत उनके लिए खास और विजेता बनाने वाली रही । 6.5 अंको पर 8 खिलाड़ियों के बीच टाई हुआ जिसमें अर्जेन्टीना के मारिओ विज्जानुएवा दूसरे तो उक्रेन के अलेक्ज़ेंडर कोवचन तीसरे स्थान पर रहे ।

भारतीय खिलाड़ियों में 6.5 अंक बनाकर कौस्तुव कुंडु टाईब्रेक में पांचवें स्थान पर रहे , उन्होने 2447 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 49 अंक जोड़े और तेजी से 2400 की ओर कदम बढ़ा दिये है । आठवे राउंड में स्पेन के इंटरनेशनल मास्टर लकासा जोस पर उनकी जीत खास रही । अन्य खिलाड़ियों में शुभयान कुंडु नौवे स्थान पर रहे और अपनी रेटिंग में 20 अंक जोड़ते हुए 2350 के करीब पहुँच गए है । 1771 रेटिंग वाले मोहम्मद बसिक इमरोस नें 2291 का प्रदर्शन करते अपनी रेटिंग में 154 अंक जोड़े , दूसरे राउंड में टॉप सीड उक्रेन के यूरी सोलोड़ोविंचेकों को मात देकर उन्होने अपने खेल जीवन की सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी । 1915 रेटिंग वाले मध्य प्रदेश के राज्य जूनियर चैम्पियन प्रखर बजाज नें भी टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया , अंतिम राउंड हारने के बाद भी प्रखर नें 5.5 अंको के साथ +2200 का प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 126 अंक जोड़े ।

# आयुष आपके द्वार अभियान के तहत घर-घर जाकर वर्षा कालीन बीमारियों के प्रति किया जा रहा जागरूक आवश्यकता अनुसार औषधियों का किया गया वितरण

पुष्पांजली टुडे



**दमोह।** जिला आयुष कार्यालय दमोह के अधीन संचालित समस्त शासकीय आयुर्वेद संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा 01 अगस्त 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक आयुष आपके द्वार अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगानुसार आयुर्वेद औषधि का वितरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के नेतृत्व में दमोह जिले के सभी आयुष संस्थाओं के माध्यम से घर-घर जाकर वर्षा कालीन बीमारियों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्हें आवश्यकता अनुसार संशमनी वटी, हिंग्वाष्टिक चूर्ण, महानाराण तेल इत्यादि औषधियों का वितरण किया जा रहा हैं।

## एटीपी रैंकिंग : कार्लोस अलकराज विश्व नंबर 1, आर्थर फिल्स शीर्ष 50 में

**लंदन ।**फ्रेंचमैन आर्थर फिल्सएटीपी रैंकिंग में टॉप 50 में पहुंच गए हैं जबकि पहले स्थान पर कार्लोस अलकराज बने हुए हैं। यूरोपियन ओपन जीतने के बाद अलेक्जेंडर ज्वेरेव रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 16वें नंबर पर पहुंच गए। जर्मन ने इवेंट में 19वें स्थान पर प्रवेश किया, लेकिन पिछले सप्ताह के उनके प्रदर्शन से उन्हें 500 अंक मिले। पूर्व विश्व नंबर 3 स्टैन वावरिंका प्लावा लगुना क्रोएशिया ओपन उमाग के फाइनल में पहुंचने के बाद अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 50 में लौटे हैं। एटीपी 250 में हार्ड कोर्ट पर अपने प्रदर्शन के परिणामस्वरूप,



अलेक्जेंडर वुकिक, जिन्होंने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ को तीन सेटों में मजबूर किया, 20 रैंक चढ़कर करियर के सर्वोच्च 62वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उमाग सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद माटेओ अर्नाल्डी अपने करियर में 64वें नंबर पर पहुंच गए। इस साल अर्नाल्डी ने तीन चैलेंजर्स को हराया है और मैड्रिड में कैस्पर रूड को हराकर टॉप-10 मैच जीता है। शीर्ष दस खिलाड़ियों में से केवल तीन ने इस सप्ताह किसी टूर्नामेंट में प्रवेश किया, इसलिए इस सप्ताह शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। शीर्ष तीन खिलाड़ी वर्तमान में कार्लोस अल्कराज, नोवाक जोकोविच और डेनियल मेदवेदेव हैं, जैनिक सिनर, टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियाफो इस सप्ताह के लिए शीर्ष 10 में हैं।

# पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान मैं हूं अभिमन्युके तहत



पुस्पंजली टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आशुतोष गुप्ता जी के निर्देशन में , श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय ख्याति मिश्राजी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जैतवारा सुरभि शर्मा के नेतृत्व में विकसित एवम सुरक्षित समाज का निर्माण महिला एवम पुरुषो की समान सहभागिता से ही किया जा सकता है इस अभियान के तहत बालिकाओं एवम महिलाओं को सुरक्षित वातावरण करने के लिए इस अभियान को शुरू किया गया है थाना क्षेत्र रेलवे स्टेशन, बाजार व सार्वजनिक स्थलों जागरूकता संदेश देकर जागरूकता पेंपलेट का वितरण किया गया इसी क्रम में पुरुषों को महिला अपराधों के विरुद्ध जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई जाकर लड़को,पुरुषो को नशा से दूर रहना,दहेज प्रथा को समाप्त करना, रूढवादिता को समाप्त करना,असलीलता करने वालो को रोकना,भ्रूण हत्या रोकना जहा हो रहा हो तत्काल पुलिस को सूचना देना,लिंग भेद को समाप्त करना सभी सात विषयो पर समझा गया साथ में सभी की सेल्फी फोटो एवम वीडियो ली गई अभियान में जैतवारा थाना से यस आई विजय सिंह प्रधानआरक्षक दयाराम की सराहनीय भूमिका रही ।

# भारत ने तीसरे एकदिनी में वेस्टइंडीज को 200 रन से हराया, श्रृंखला 2-1 से जीती

**तरौबा।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को 200 रनों से करारी शिकस्त देकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। तीसरे एकदिनी में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी करने के लिए कहा, भारतीय टीम ने 351 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया और वेस्टइंडीज को 36 ओवर में केवल 151 रनों पर समेट दिया।

352 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 50 रनों के स्कोट पर टीम के 6 बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (00), काइल मेयर्स (04), शाई होप (05), केसी कार्टी (06), शिमरोन हेटमायर (04) और रोमानियो शेफर्ड (08) पवेलियन लौट गए। इसके बाद एलिक अनाथाजे (32), गुडाकेश मोती (नाबाद 39), अल्जारी जोशेफ (26) और यानिक कारिया (19) ने ही कुछ संघर्ष किया और वेस्टइंडीज को 151 रनों तक पहुंचाया। भारत की तरफ से शार्दुल ठाकुर ने 4, मुकेश कुमार ने 3, कुलदीप यादव ने 2 और जयदेव उनादकट ने 1 विकेट लिया। इससे पहले भारत टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को ईशान किशन और शुभमन गिन ने तेज और मजबूत शुरुआत दिलाई।



दोनों ने पहले विकेट के लिए 19.3 ओवर में 143 रन जोड़े। यारिक कारिया ने किशन को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। किशन ने 64 गेंदों पर 8 चौकों और 3 छक्कों की बदौलत 77 रन बनाए। हालांकि इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रुतुराज गायकवाड़ कुछ खास नहीं कर सके और केवल 8 रन बनाकर चलते बने। गायकवाड़ के आउट होने के बाद गिल (85) संजू सैमसन (51) और कप्तान हार्दिक पांड्या (नाबाद 70) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों और सूर्यकुमार यादव की 35 रनों की छोटी और तेज पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 351 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोमानियो शेफर्ड ने 2, यारिक कारिया, गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने 1-1 विकेट लिया।

## रीवा कलेक्टर ने 14 अधिकारियों के वेतन रोकने के दिए निर्देश



**रीवा।** पेंशन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 14 कार्यालय प्रमुखों के अगस्त माह का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि संबंधित कार्यालय प्रमुखों को उनके कार्यालय के सेवानिवृत्त अथवा मृत कर्मचारियों के पेंशन के प्रकरणों के निराकरण के लिए कई बार निर्देश दिए गए। इसके बावजूद लंबित प्रकरणों के निराकरण में इन अधिकारियों द्वारा कोई रूचि नहीं दिखाई गई जिसके कारण वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है। अधिकारियों के साथ-साथ इन कार्यालयों के पेंशन कार्य करने वाले लिपिक का भी अगस्त माह का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, बीईओ जवा, बीईओ रीवा, बीईओ मऊगंज, बीईओ सिरमौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह कार्यपालन यंत्री नईग?ी माइक्रो सिंचाई परियोजना, कार्यपालन यंत्री अपर पुरवा नहर संभाग रीवा, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रीवा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण संभाग रीवा, कार्यपालन यंत्री क्योटी नहर संभाग रीवा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री लाइट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी तथा प्राचार्य शासकीय टीआरएस महाविद्यालय का अगस्त माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

## चुनाव का इंतजार है कांग्रेस को चुनने के लिए जनता बेकरार है :जीतू पटवारी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**





सतना। जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री जीतू पटवारी तथा कालापीपल विधायक कुणाल चौधरी अमरपाटन के अभय आश्रम स्थित मैरिज गार्डन पहुँचे , इस दौरान पूर्व डिप्टी स्पीकर आदरणीय डॉ राजेंद्र कुमार सिंह दादा भाई के द्वारा दोनो अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। मंच पर पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने सभी कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र बताए, साथ ही अपने संबोधन के दौरान जीतू पटवारी ने राजेन्द्र सिंह जी दादा भाई के साथ बीते अनुभव को साझा करते हुए अपने विधानसभा काल की बातों को बताया उन्होंने कहा कि दादा भाई हम सबके लिए एक कुशल मार्गदर्शक है मैं खुद दादा के भाई विधानसभा उपाध्यक्ष काल के समय पर उनसे राय मशवरा लेता था इसके साथ ही कार्यकर्ताओ से कहा कि हम सबको जमीनी स्तर पर उतर कर काम करना और इस बार मध्यप्रदेश में जीतू पटवारी ने 155 सीटो पर जीत का दावा भी किया। आज के कार्यक्रम के मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह दादा भाई समेत विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक जनप्रतिनिधियों और कर्तकर्ताओ की मौजूदगी रही।

## ओम प्रकाश तिवारी बने सर्वजन न्याय मंच के राष्ट्रीय सह सचिव

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

सिंगरौली । सर्वजन न्याय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी द्वारा कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कई समाचार पत्रों में कार्य करने वाले सिंगरौली जिले के पत्रकार ओम प्रकाश तिवारी को राष्ट्रीय सह सचिव सर्वजन न्याय मंच का मनोनीत किया गया है। वही बता दे कि श्री तिवारी पत्रकारिता छेत्र में कार्य के दौरान कई सामाजिक छेत्र में भी सक्रिय होकर कार्य करते है जिले में लोगो के बीच अपनी लोकप्रियता , छवि बनाए हुए है वही इनकी नियुक्ति की खबर होने पर शुभचिंतकों , पत्रकार बंधुओ ने हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाएं दिए है इस दौरान इस मंच के मुख्य संरक्षक राजापाकर विधायक प्रतिमा कुमारी, विजयलक्ष्मी उपाध्याय , श्रीमती मंजू शर्मा (उपाध्यक्ष व्रिप कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार), उर्मिला मिश्रा, रेखा शर्मा आकांक्षा बिदुआ, डॉ भावना शर्मा, डॉ महेश पटेल, एड. गीता सिंह ठाकुर, रिचा कर, फिल्म निर्माता मंजू गौतम, फिल्म अभिनेत्री रागिनी पाण्डेय, संजना रिछारिया, रंजना सूर्यवंशी, एड.नीतू त्रिपाठी,मनीषा शर्मा, निशा भट्ट, संजना अग्रवाल, कल्पना सिंह सिसोदिया, डॉ संजय पाण्डेय, संजय प्रेम जोशी, अशोक शर्मा, मनीष शर्मा, दिनेश पाण्डेय, रुपेश खरे, प्रवीण मिश्रा, अशोक तिवारी, सहित संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं शुभचिन्तको ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी ।

## कलेक्टर और एसपी ने किया चित्रकूट में निरीक्षण

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**



**सतना।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के शुक्रवार को चित्रकूट आगमन के दृष्टिगत कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने चित्रकूट पहुंचकर स्थल तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर और एसपी ने आरोग्य धाम स्थित हैलीपेड और सुरेन्द्र पाल विद्यालय ग्राउंड स्थित कार्यक्रम स्थल विवेकानंद सभागार का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

# कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता प्रचार रथ को दिखाई हरी झण्डी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता सूची में हर पात्र व्यक्ति का नाम शामिल करने तथा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने प्रचार रथ जिले भर में भ्रमण करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से रीवा विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करने के लिए प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेक्टरवार इसका भ्रमण कराएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डॉ अमरजीत सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि जिले की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक प्रचार रथ 31 अगस्त तक भ्रमण करके मतदाताओं को जागरूक करेगा। रथ में ऑडियो-विजुअल माध्यम से मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रचार रथों का विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण सुनिश्चित करें।



## पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान मैं हूं अभिमन्यु के तहत

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आशुतोष गुप्ता जी के निर्देशन में, श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय महिला सुरक्षा अजय कुमार रिठौरिया जी के मार्गदर्शन में महिला थाना द्वारा विकसित एवम सुरक्षित समाज का निर्माण महिला एवम पुरुषो की समान सहभागिता से ही किया जा सकता है इस अभियान के तहत बालिकाओं एवम महिलाओं को सुरक्षित वातावरण करने के लिए इस अभियान को शुरू किया गया है थाना क्षेत्र रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व सार्वजनिक स्थलों जागरूकता संदेश देकर जागरूकता पेंपलेट का वितरण किया गया इसी क्रम में पुरुषों को महिला अपराधों के विरुद्ध जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई जाकर लड़को,पुरुषो को नशा से दूर रहना, दहेज प्रथा को समाप्त करना, रूढ़वादिता को समाप्त करना, असलीलता करने वालो को रोकना,भ्रूण हत्या रोकना जहा हो रहा हो तत्काल पुलिस को सूचना देना,लिंग भेद को समाप्त करना सभी सात विषयो पर समझा गया साथ में सभी की सेल्फी फोटो एवम वीडियो ली गई अभियान में महिला थाना से शीला गोस्वामी, महिला प्रधान आरक्षक पूजा पांडे की सराहनीय भूमिका रही ।



## अवैध उत्खनन, परिवहन पर सख्त निगरानी, प्रकरण भी बनायें

### कलेक्टर ने की खनिज विभाग की समीक्षा

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर निगरानी बनाये रखते हुए अधिकाधिक प्रकरण बनाने के निर्देश दिये हैं। गुरूवार को खनिज साधन विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि भण्डारण के नियमों का पालन सुनिश्चित करने एक बार पुनः खदानों का परीक्षण कराये। इस मौके पर जिला खनिज अधिकारी एचपी सिंह और सहायक खनिज अधिकारी उपस्थित थे। खनिज अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के निर्धारित राजस्व संग्रहण के लक्ष्य 269 करोड़ के विरूद्ध 4 महीनों में 64 करो? 87 लाख का राजस्व अर्जित किया गया है। कलेक्टर ने माह वार निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। खनिज अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष में अब तक अवैध उत्खनन के 6 प्रकरणों में 1 लाख 11 हजार को अर्थदण्ड वसूला गया है। अवैध परिवहन के 19 प्रकरणों में 21 लाख 30 हजार का अर्थदण्ड और अवैध भण्डारण के 5 प्रकरणों में 5 लाख 81 हजार का जुर्माना लगाया गया है।



## ग्राम बिलाव में हुई चोरी की घटना का खुलासा

### आरोपियों के कब्जे से चोरी गई एक चांदी की करधौनी, एक जोड़ पायल तथा एक सोने की बैसर जप्त। अन्य आरोपियों के कब्जे से 03 कारतूस व 38 खाली कारतूस भी जप्त

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**ऊमरी।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपूसे के निर्देशन में तथा श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड अरविन्द शाह के मार्ग दर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व टीम द्वारा ग्राम बिलाव में दिनांक 21/07/2023 हुई चोरी का खुलासा करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 21/07/2023 को फरियादी मुरली परिहार पुत्र अर्जुन परिहार उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बिलाव ने मय अपने पडौसी राजेश पुत्र छोटे सिंह राजावत, पदम सिंह पुत्र जगमान सिंह परिहार के उपस्थित थाना आकर थाना ऊमरी में रिपोर्ट की कि दिनांक 21/07/2023 की रात्रि में अज्ञात चोर मेरे, तथा राजेश व पदम के घर से सोने चांदी के जेवरात कुलकीमती मसरूका 50,000 रुपये चोरी कर ले गये।



फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ऊमरी पर अपराध क्र. 182/2023 धारा 457,380 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। दिनांक 01/08/2023 को ग्राम बिलाव में डकैती की योजना बनाते 07 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था। उक्त आरोपीगणों से अन्य अपराधों में पूछताछ हेतु आरोपीगणों का माननीय न्यायालय से पीआर प्राप्त किया गया था। पीआर शुदा दो आरोपीगणों ने दिनांक 21/07/2023 को ग्राम बिलाव में हुई चोरियों की घटना घटित करना स्वीकार किया । आरोपीगणों के कब्जे से चोरी गये मसरूका में से एक चांदी की करधोनी, एक जोड पायल तथा एक सोने की बैसर जप्त की गई। डकैती की तैयारी के प्रकरण में अन्य आरोपियों से पूछताछ पर 03 कारतूस, 38 खाली कारतूस जप्त किये गये। आरोपीगणों से भारी मात्रा में मिले खाली कारतूस तथा जिंदा कारतूसों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**जप्त मसरूका का विवरण-** एक चांदी की करधौनी, 1 2- एक जोडी चांदी की पायल, 3- एक सोने की बेसर

**सराहनीय भूमिका-**उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उ.नि. नीतेन्द्र मावई, सउनि रघुराज सिंह तोमर, प्र. आर. प्रवीण तिवारी, आरक्षक राहुल तोमर, संतोष जाट, परशुराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनपद सदस्य सिमरन उपेंद्र शुक्ला बैठे भूख हड़ताल में

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**



**सतना-**ग्राम पंचायत करसरा में जनपद सदस्य सिमरन उपेंद्र शुक्ला का तीसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी, समर्थन में पहुँचे जिले के कई जनपद सदस्य मौके पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि भी उपस्थिति लेकिन अभी तक नहीं पंहुचा प्रशासनिक अमला, भूख हड़ताल की वजह से जनपद सदस्य का बिगड़ता जा रहा स्वास्थ्य, लेकिन प्रशासनिक अमले ने नहीं ली सुध, जनपद सदस्य के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद, प्रशासनिक अमले को लेकर आमजन में बढ़ रहा आक्रोश।

## पुलिस थाना बरोही के द्वारा आरोपी को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**पुष्पांजली टुडे**




**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में आरोपीगणों के धडपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन रोड पेट्रोलिंग के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की आरोपी के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर व एक राउण्ड जप्त किया गया। दिनांक 02/08/23 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई एक व्यक्ति ऐतहार झाल की पुलिया पर अवैध कट्टा व राउण्ड लिये कोई घटना घटित करने की नियत से बैठा है। मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से मुखबिर के बातये स्थान पर पहुचे तो एक व्यक्ति मुखबिर के बताये हुलिये का पुलिस वाहन को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेराबन्दी कर पकड़कर चैक किया तो एक 315 बोर का कट्टा जिसके चेम्बर मे एक जिन्दा राउण्ड 315 बोर का लगा मिला उक्त व्यक्ति से कट्टा व राउण्ड के संबंध में वैद्य लायसेंस चाहा गया तो अपने न होना बताया उक्त व्यक्ति का कृत्य धारा 25 (1-बी) (ए) आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय होने से कट्टा व राउण्ड को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना वापसी पर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपी थाना बरोही के अपराध क्रमांक 55/23 में वांक्षित फरार आरोपी था जिसके विरुद्ध थाना बरोही पर पूर्व से 06 अपराध विभिन्न धाराओं में आर्म्स एक्ट व मारपीट संबंधी पंजीबद्ध है।

**जप्त मसरुका का विवरण-**1- एक 315 बोर का कट्टा, एक राउण्ड। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोही उप निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह भदौरिया,एएसआईब्रजेश सिंह कुशवाह, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार,आरक्षक जयशंकर सिंह,सोनू तोमर, ब्रजेश, आरक्षक चालकक गिर्राज शर्मा, महिला आरक्षक रिन्की तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

## जेल में बंद कैदियों की प्रहरी द्वारा मारपीट, 6 हजार रुपए प्रतिमाह मांगने का परिजनों ने लगाया आरोप

### मौके पर पहुंचे एसडीएम एवं सीएसपी, जांच के बाद होगी कार्यवाही

**मुरैना।** मुख्यालय स्थित जेल में एक बार फिर बुधवार की देर शाम बवाल खड़ा हो गया। बैरक में बंद कुछ कैदियों की प्रहरी द्वारा मारपीट किए जाने एवं धर्मेंद्र सिकरवार की प्रतिमाह रुपए ना देने के चलते जेलर के इशारे पर प्रहरी द्वारा जमकर मारपीट की गई। इसके साथ ही कुछ अन्य कैदियों की भी




का मामला संज्ञान में आया है, जिसके बाद घटना के दूसरे दिन एसडीएम एवं सीएसपी मौके पर निरीक्षण के लिए पहुंचे और सब कुछ सामान्य बताया। इधर परिजनों का आरोप है कि जेलर द्वारा उनके बंद परिजनों से खाने एवं सेवा के नाम पर 6 हजार रुपए प्रतिमाह देने की मांग की जा रही थी, जिसके चलते उनकी मारपीट की गई है। फिलहाल मामले की जांच प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुरैना जेल में बंद कैदी अनुज सिकरवार मारपीट की गई है, जिससे वहां बवाल मच गया। जब यह मामला जेल से बाहर निकला तो प्रशासन एवं पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार की सुबह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार समाज के लोगों एवं बंद युवकों के परिजनों के साथ जेल पहुंचे। धर्मेंद्र एवं अनुज के परिजनों ने आरोप लगाया कि जेल में उनके लडकों से खाने एवं सेवा के नाम पर 6 हजार रुपए प्रतिमाह मांगे जा रहे हैं एवं तमाम यातनाएं दी जा रही है। मारपीट के बाद जब परिजनों ने बच्चों से मिलने की जिद की तो उन्हें मिलने नहीं दिया गया। एसडीएम एवं पुलिस अधिकारी का कहना है कि खाने को लेकर कुछ विवाद हुआ था और हल्की मारपीट हुई है, लेकिन किसी को चोट नहीं है। परिजनों द्वारा बोर्ड पैनल से मेडिकल कराने की मांग के चलते समिति का गठन किया जा रहा है। इस मामले में क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष श्री सिकरवार ने कहा कि जेल में सभी समाज के कैदी बंद है। हम चाहते हैं कि सभी के साथ न्याय हो और अगर इस मामले में प्रशासन एवं पुलिस कोई सुनवाई नहीं करती है तो वह मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर भेजेंगे। उन्होंने कहा कि जेल में कई गरीब परिवार के युवक भी किसी ना किसी आरोप में बंद है, अगर उनसे जेल में वसूली की जा रही है तो वह गलत है। ज्ञातव्य रहे कि मुरैना जेल में इस प्रकार की यह पहली घटना नहीं है, पूर्व में भी कई बार अवैध वसूली के मामले सामने आए हैं, लेकिन हर बार जांच के नाम पर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

### इनका कहना है

बुधवार की शाम को जेल में दो पक्षों में खाने की सब्जी को लेकर कुछ विवाद हुआ था और मारपीट हुई थी, लेकिन इसमें किसी को चोट नहीं आई है। एसडीएम एवं उनके द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिवेदन बनाकर जिला कलेक्टर को भेजा जा रहा है एवं कैदियों का मेडिकल कराने के लिए समिति का गठन कर मेडिकल कराया जाएगा।

**अतुल सिंह, सीएसपी मुरैना**

# महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं बच्चियों एवं महिलाओं की सुरक्षा के अभाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला महिला कांग्रेस भिण्ड की अध्यक्ष श्रीमती रेखा भदोरिया ने शिवराज सिंह चौहान सरकार के राज में मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है इसी को लेकर जिला कलेक्टर भिंड को ज्ञापन सौंपा दिया मध्यप्रदेश में मासूम बच्चियां और लाड़ली बहनें खुद को असुरक्षित समझ रही है। अपराधियों के हौंसले बुलंद है। ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधिक सोच के व्यक्तियों को सत्ता पक्ष का संरक्षण है। अन्यथा क्या कारण है कि अपराधों पर नियंत्रण क्यों नहीं हो पा रहा है। स्थिति ये है कि हाल ही में प्रदेश के सतना जिले के मैहर में एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता की घटना सामने आई है। वहीं, आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले के घोड़ाडोगरी ब्लॉक के सरकारी स्कूल में रेप होने की खबर झकझोर देने वाली है। आरोपी कोई और नही खुद स्कूल के शिक्षक नाबालिग बच्चियों के साथ बलात्कार कर रहे हैं। जबलपुर स्थित नटवारा शहपुरा में 3 वर्षीय मासूम का अपहरण कर बलात्कार करने की घटना सामने आई है। इंदौर के आजाद नगर



थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग को उसी के पड़ोस में रहने वाले एक आरोपी ने पहले अपहरण किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। दतिया में 2 सगी बहनों के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटना घटित हुई, एक पीड़िता ने आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसका गंभीर हालत में इलाज जारी है। वहीं दुष्कर्म करने वाले आरोपियों में एक भाजपा नेता के बेटे का भी नाम सामने आया है। देवरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप किया गया। बैरसिया में 12 साल की बच्ची का अमानवीय तरीके से अपहरण किया जाता है और बेरहमी से यातनाएं दी जाती हैं। ये कभी-कभार घटने वाली इक्का-दुक्का घटनायें नहीं हैं,ऐसी घटनाएं प्रदेश में रोजाना किसी न किसी जिले में घट रही हैं। ये घटनाएं कानून व्यवस्था के दावे पर तमाचा है। सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से शहर जिलाध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष गजेंद्र भदोरिया, अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष विजय गोयल, प्रमोद दीक्षित, वीरेंद्र यादव स्नेहलता जैन, नीलम भदौरिया, नीलम राजावत रीना चौहान, लता धवल सुनीता सोनल सिंह, सरिता सिंह कृष्णा कुशवाह, सरोज, सीता, रजनी श्रीवास,स्मिता शर्मा, पूजा कुशवाह, लक्ष्मी सौरव राजावत दर्शन तोमर पिंटू शर्मा ।

## मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर ।** मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्टकवि मैथिलीशरण गुप्त के जन्म दिवस पर उनका पुण्य स्मरण किया गया एवं उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। दिनांक 3 अगस्त 2023को प्रातः 8.00 राष्टकवि मैथिलीशरण गुप्त के जन्मदिवस पर उन्हें नमन् करने हेतु मैथिलीशरण गुप्त÷ चौराहे पर स्थित राष्ट कवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक पाठक , सह मंत्री उपेंद्र कस्तूरे, पुस्तकालय मंत्री डॉ. लोकेश तिवारी, सभा की सभासद डॉ वंदना सेन , डॉ अंकित अग्रवाल एवं सुरेश हिंदुस्तानी सहित अनेक साहित्यकारों ने पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर एवं नमन् करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया गया। उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया।

# मैं हूं अभिमन्यु द्वितीय का आज तीसरे दिन का आयोजन संपन्न

## जिले के मेहगांव तहसील के अंतर्गत बरासों थाना प्रभारी ने छात्रों को दी जानकारी

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मनीष खत्री , एवम



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में दिनांक 01/08/2023 से 15/08/2023 तक के लिए महिलाओं एवम बच्चो के विरुद्ध होने वाले अपराधो के संबंध में जागरूकता, महिलाओं को सुरक्षित एवम पूर्वाग्रह मुक्त सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में पुरुषो का सहयोग सुनिश्चित करने हेतु शुरू हुए विशेष जागरूकता अभियान ÷ में हूं अभिमन्यु द्वितीय÷ का शुभारंभ जिला भिंड में किया गया। इस क्रम में आज दिनांक 03/08/2023 को अभियान के तीसरे दिन एमजेएस कॉलेज के एनएसएस के छात्र छात्राओं द्वारा नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ का प्रदर्शन गोरी सरोवर किनारे भिंड में किया गया, साथ ही जिला भिंड के अनुविभाग मेहगांव के थाना बरासो के थाना प्रभारी द्वारा, शासकीय प्राथमिक स्कूल बरासों में÷ मैं हू अभिमन्यु ÷ के उद्देश्यों को समझाया, साथ ही पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रश्नवाली हल करवाई , इसी प्रकार उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा जिला भिंड श्रीमति पूनम थापा शर्मा के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी गीता सिकरवार, महिला थाना स्टाफ, महिला सुरक्षा स्टाफ द्वारा एक्सीलेंस स्कूल, एवं सीएम राइस स्कूल जिला भिंड में मैं हूअभियान ÷का मूल उद्देश्य बताया गया, शपथ दिलवाई गई, बालक बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधो, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे अपराधो एवम ऐसे अपराधो की रोकथाम हेतु बने कानूनों के बारे समझाया, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, डायल 100, चाइल्ड लाइन नम्बर 1098 आदि का प्रचार प्रसार किया, एवं साथ ही अभियान के दौरान जारी किए गए स्टिकर्स, पोस्टर्स, वितरित किए गए उनको सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाए गए, एवम सभी को आसपास घटित होने वाले अपराधो के बारे तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया, एवम अभिमन्यु का शेल्फी कट आऊट प्वाइंट लगाया गया, एवं प्रश्नावली भरवाई गई।समस्त करवाही में महिला सुरक्षा शाखा का स्टाफ, महिला थाना का स्टाफ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नव जीवन संस्था द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# रीवा में देखते ही देखते गाड़ी सड़क में समा गई

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**रीवा।** रीवा को लगे विकास के पंख अब रास नहीं आ रहा। इस विकास को लोग पचा नहीं पा रहे हैं। बारिश में पूरा शहर तहस-नहस हो गया। सड़कें चलने लायक नहीं है। उस पर सीवर लाइन के काम ने और मुसीबत खड़ी कर दी है। हालात तो यह है कि सड़क पर चलते चलते कब आपकी गाड़ी जमीन के नीचे धंस जाएगी पता ही नहीं चलेगा। कुछ ऐसा ही नजारा वार्ड क्रमांक 10 में देखने को मिला। रीवा। घटना बुधवार की रात की है। तेज झमाझम पानी बरस रहा था। वार्ड क्रमांक 10 आनंदपुर में शिव पार्क के सामने सड़क पर घुटनों तक पानी था ।दो वाहन चालक इस सड़क पर बड़ी ही सावधानी से गाड़ी लेकर अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक दोनों गाड़ियां एक-एक कर जमीन के नीचे धंसने लगी और वह पूरी तरह से धंस गई। लाख कोशिशों के बाद भी गाड़ी टस से मस नहीं हुई । वाहन चालकों ने गाड़ियां मौके पर ही छोड़ दी और पैदल ही घर चले गए। इस समस्या की जड़ सीवर लाइन का घटिया काम है ।ठेकेदार ने बारिश के पहले ही सीवर लाइन के लिए गड्डा खोदा था। उसकी फिलिंग बेहतर तरीके से नहीं की। बारिश हुई और पूरी सड़क नीचे धंस गई। अब लोग इस परेशानी को झेलने के लिए मजबूर हैं। यह हालात सिर्फ एक मोहल्ले या गली की नहीं है। पूरा शहर ही इस समस्या से ग्रस्त है। कहीं लोगों के घर में पानी भर रहा तो कहीं सड़क पर चलने के लिए जगह ही



नहीं। रीवा शहर में बड़ी बड़ी बिल्डिंग, मॉल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तो बन गए लेकिन लोगों को जो मूलभूत सुविधाएं चाहिए उसे नजरअंदाज कर दिया गया। नगर निगम का एक बड़ा बजट हर साल नाली और सड़क पर खर्च होता है। फिर भी लोग परेशान हैं। पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था ही नहीं है। बारिश पूर्व नालों की सफाई तक नहीं की जाती। अधिकारी और नेता बदलते हैं लेकिन लोगों की समस्याएं जस की तस ही रह जाती है।

**गलियों से होकर निकाले जनदर्शन यात्रा**-रीवा में 10 तारीख को मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत होने वाला है। जनदर्शन कार्यक्रम के तहत रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस रथयात्रा को रीवा की मुख्य सड़कों से होकर ही गुजर जाएगी। ऐसे में मुख्यमंत्री को रीवा की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाएगा। रीवा के हालात से सीएम को वाकिफ होना है तो इन्हें रीवा की खराब सड़कों से होकर गुजारना चाहिए। तब वह यहां के लोगों की असल परेशानी से वाकिफ होपाएंगे।

## नवांगत कलेक्टर ने किया गौरी सरोवर का निरीक्षण



**उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। नवागत कलेक्टर श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने गौरी सरोवर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका अमले को गौरी सरोवर से जलकुंभी हटाने के निर्देश दिए। जिस पर नगर पालिका टीम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत वाटर बॉडी पर जलकुंभी हटाओ अभियान चलाकर गौरी सरोवर से जलकुंभी निकाली गई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि श्री सुनील बाल्मीकि, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री वीरेन्द्र तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजवीर राय, उपयंत्री श्री विकास महतो, उपयंत्री श्री मनोज कौशल, सैनेट्री इंस्पेक्टर श्री नरेंद्र गुप्ता, श्री रवीन्द्र पाल सिंह भदौरिया, स्वच्छता कंसल्टेंट श्री आदित्य भारद्वाज और समस्त सफाई दरोगा उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग का बाबू चढ़ा लोकायुक्त के हत्थे डीईओ कार्यालय में 10000 की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** शासकीय कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सरकार द्वारा हर माह काम करने के लिए मोटी रकम दी जाती है। इसके बावजूद यह अधिकारी कर्मचारी काम करने के एवज में रिश्वत मांगना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं पिछले कुछ वर्षों से लोकायुक्त पुलिस द्वारा रिश्वतखोर अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है इसके बावजूद रिश्वतखोरी की घटना में लगाम नहीं लग पा रहा। ताजा मामला जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उस समय हुआ जब लोकायुक्त के दल द्वारा कार्यालय में पदस्थ लिपिक को 10000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ रवि शुक्ला विगत कुछ वर्षों से निलंबित चल रहे थे उन पर तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी उदय भान




पटेल के साथ कार्यालय में जुमा झपटी एवं गाली-गलौच के आरोप में निलंबित किया गया था। तब से वह लगातार बहाल होने के प्रयास कर रहे थे इसी संबंध में जब उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ विजय शर्मा नामक लिपिक से संपर्क किया तो उन्होंने बहाल करने के एवज में ड़50000 रिश्वत की मांग की जिसकी शिकायत निलंबित सहायक शिक्षक द्वारा लोकायुक्त पुलिस को की गई। मामले की शिकायत मिलने के उपरांत लोकायुक्त पुलिस द्वारा शिकायत की तस्दीक की गई शिकायत सही पाए जाने पर कल सुबह कार्यालय खुलने के उपरांत रिश्वतखोर बाबू को दबोच ने की योजना बनाई गई निलंबित सहायक शिक्षक को 10000 के नोट देकर लोकायुक्त द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजा गया जहां पर रवि शुक्ला द्वारा विजय शर्मा को रिश्वत की रकम थमाई गई और लोकायुक्त के दल को इशारा किया गया जिसके उपरांत लोकायुक्त के दल द्वारा रिश्वतखोर बाबू को दबोच कर तलाशी ली गई जिसके पास से रिश्वत के रूप में ली गई 10000 की रकम बरामद की गई जिसके उपरांत आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

## हीरों से चमकेगा रीवा और मऊगंज धरती के नीचे मिला अकूत भंडार

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** रीवा और मऊगंज की धरती हीरों से चमकेगी नया जिला मऊगंज को भी हीरों की सौगात मिलने वाली है। राज्य सरकार ने सीएल (कम्पोजिट लाइसेंस)के लिए निविदा बुलाई है। निविदा फाइनल होने ही हीरा की खुदाई शुरू हो जाएगी। मऊगंज और रीवा मालामाल होंगे। देश व विश्व में नाम कमाएंगे। राज्य शासन ने विगत दिनों कई खनिज ब्लाकों की नीलामी के लिए एनआइटी जारी की है। इसमें विंध्य क्षेत्र के सिंगरौली में सोने के साथ रीवा और नए मऊगंज जिले में हीरे की खदानों के लिए भी ब्लॉक चिन्हांकित किए गए है। सर्वे में हीरा खनिज के मिले थे प्रमाण-उल्लेखनीय है कि पूर्व में रीवा जिले में वृहद क्षेत्र में कई मल्टीनेशनल एक्सपर्ट कंपनियों द्वारा डायमंड सर्वे का काम किया था। इसमें इन कंपनियों द्वारा रीवा जिले के सोहागी पहाड़ में 460 हेक्टेयर क्षेत्र में और मऊगंज जिले के लगभग 100 हेक्टेयर क्षेत्र में हीरा खनिज मिलने के प्रमाण मिलने की रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। राज्य शासन ने अब परीक्षण के बाद समेकित अनुज्ञप्ति(सी एल) के लिए नीलामी सूचना प्रकाशित की है। कंपनियां 9अगस्त 2023 तक ई ऑक्शन में भाग ले सकती है। जिस कंपनी ने अधिक निविदा डाली, उसे ही हीरा निकालने का अवसर मिलेगा। मऊगंज के इन गांवों में हीरा निकलेगा-मऊगंज क्षेत्र में करीब 7 गांवों को चिन्हित किया गया है। इन गांवों में सीतापुर,आध सरई,गढ़वा, हिनोती, दीपाबरोडी, खाड़ी,मलकपुर आदि शामिल हैं। इन क्षेत्रों में हीरा की चट्टानों के मिलने के ज्यादा आसार हैं। इसके अलावा रीवा जिले में सोहागी, मझिगवां और पुर्वा क्षेत्र में हीरा मिलने की संभावना जताई जा चुकी है। इसका क्षेत्रफल करीब 460 हेक्टेयर है। इस नीलामी में देशभर से बड़ी कंपनियां हिस्सा लेंगी। संभावना है कि रीवा में एक बड़ा इन्वेस्टमेंट होगा जो दोनों जिलों की तस्वीर बदल देगा।

**कैसे तैयार होता है हीरा**-किंबरलाइट चट्टानों में हीरा मिलता है। किंबरलाईट नाम की ग्रीन कलर ज्वालामुखी चट्टानों में बहुतायत से हीरे पाए जाते है। धरती की बहुत अधिक गहराई से ये चट्टानें 100 किमी गहराई में निर्मित हुए चमकदार मूल्यवान हीरों को धरती की सतह तक लाती है। जिसमें पहाड़ी घाटी और फॉल्ट जोन महत्पूर्ण होता है। सीतापुर पहाड़ी पर जैसे फीचर मिलते है। जिससे हीराधारी चट्टान मिलने की उम्मीद ज्यादा बढ़ गई है। हीरा ब्लाकों की नीलामी की सूचना से हीरे की जानकार कंपनियों ने जिले में संपर्क कर भ्रमण करना भी चालू कर दिया है ,अगर बढिड़ा तकनीक से खोज होगी निश्चित ही नए जिले में नए उद्योग स्थापित होंगे।

# विंध्य की सबसे बड़ी अस्पताल में गुंडागर्दी पर कब लगेगा विराम क्या इसी तरह हर दूसरे दिन पीटते रहेंगे मरीज

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

रीवा। जिले का संजय गांधी अस्पताल इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है क्योंकि अस्साल में जारी है गुंडाराज रीवा जिले के संजय गांधी अस्पताल में इन दिनों उपचार कराने आने वाले मरीजों के साथ मारपीट की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं और वह मारपीट कोई और नहीं रीवा संजय गांधी अस्पताल में पदस्थ जूनियर डॉक्टर करते हैं , एक तरफ इन्ही डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है तो दूसरी तरफ यही जूनियर डाक्टर गुंडई पर उतारू होते है।

क्या इन गुंडों को शिवराज मामा ने दे रखी है खुली छूट अगर नहि तो फिर पुलिस इन गुंडों पर स्नढ्ढक्र क्यो नहीं दर्ज करती है। अगर इन जूनियर डॉक्टरों की गंडई पर अंकुश नहि लगा तो क्या मरीज इसी तरह इन हैवानो से पिटता रहेगा। रीवा एसपी ऑफिस पहुंचे मोहित और प्रकाश यादव ने संजय गांधी अस्पताल में पदस्थ जूनियर डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने की मांग की है पीड़ित प्रकाश और मोहित के द्वारा मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि बीते 2 दिन पहले मैं सड़क हादसे का शिकार हो गया था।जिसमें हमारे हाथ में गंभीर चोट आई थी जिसका उपचार करबाने मेरे भाई के द्वारा मुझे संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया मगर वहां के डॉक्टरों ने मेरा उपचार करना उचित नहीं समझा लगभग 2 से 3 घंटे तक में डॉक्टरों के आने का इंतजार संजय गांधी अस्पताल के वार्ड में दर्द से कराह कर इंतजार करता बैठा रहा मगर जब डाक्टर नहीं आए तो मेरे द्वारा जाकर उपचार करने की बात कही गई तो डॉक्टर बदतमीजी करने लगे और देख लेने की धमकी देते हुए देखलेने की धमकी देने लगे , तो हम लोग अस्साल से चल दिये जैसे ही अस्साल के गेट के पास पहुँचते तो पीछे से डाक्टर आया और बोला चल तेरा इलाज करता हूँ, और लेजाकर सभी को पलस्तर रूम में बंद कर दिये जिसके बाद लगभग दर्जन भर डाक्टर और स्टाफ आकर जानवरो की तरह लगभग 1 से 2 घंटे तक जमकर मारपीट की गई पीड़ितों का आरोप है कि डॉक्टरों ने मेरा मोबाइल भी छीन लिया था जिससे मारपीट की घटना का वीडियो हम लोग ना बना सकें हालांकि रीवा के संजय गांधी अस्पताल में मारपीट की बात आम हो चुकी है।




शायद इन गुंडे प्रवित्ति के डॉक्टरों को यही कसम ही ट्रेनिग के दौरान खिलाई जाती है कि मरीजो का उपचार तो करना ही है मगर पहले मरीजो पर हाथ साफ करना है आखिर इन संजय गांधी अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों को किन का संरक्षण मिला हुआ है हर तीसरे दिन मारपीट की वारदात को अंजाम देते रहते हैं । संजय गांधी अस्साल में जूनियर डॉक्टरों के द्वारा की गई मारपीट की घटना के बाद विंध्य का सबसे बड़ा अस्पताल इन दिनों चर्चाओं में है क्योंकि यहां पदस्थ डीन मनोज इंदुलकर के द्वारा ऐसे लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाती है । जिससे इन गुंडे प्रवित्त के डॉक्टरों मरीजो के साथ मारपीट कर संजय गांधी अस्साल को बदनाम करने पर तुले हुए है। पीड़ितों का आरोप है अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा का कहना है कि संजय गांधी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी होने के चलते डॉक्टर मरीज का उपचार करते करते परेशान हो जाते हैं जो क्रोधित होकर मारपीट पर उतारू होते हैं एक अधिकारी कर इस तरह के जबाब से साफ साफ जाहिर होता है अभी अस्साल में उपचार कराने आने बाली जनता इसी तरह डॉक्टरों के हाथों पिटती रहेगी , अब सबसे बड़ा सबाल यह है। कि क्या रीवा संजय गांधी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है आखिर कब तक जनता को पिटबाते रहेंगे अस्साल के जिम्मेदार आखिर कब तक पीटते रहेंगे संजय गांधी अस्साल में उपचार करवाने जाने वाले मरीज कब डॉक्टरों की गुंडई पर लगेगा विराम।

**शिकायत के बाद भी गुंडई कर मारपीट करने वाले डॉक्टरों पर नहीं दर्ज हुई एफआईआर-** आपको बता दें कि पूरा घटनाक्रम रीवा शहर के अमहिया थाना क्षेत्र के संजय गांधी अस्पताल का है जहा संजय गांधी अस्पताल में मार खाया पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है पीड़ित के द्वारा बताया गया कि हमने मारपीट के घटना की शिकायत सामाजिक संगठन के साथ जाकर कल रीवा के अमहिया थाने में लिखित रूप से शिकायत पत्र दिया मगर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज करने की बात तो दूर रही हमें रिसीविंग तक नहीं दिया है तो कहीं न कही रीवा पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कि मारपीट में घायल पीड़ित हाथ में प्लास्टर लिए न्याय के लिए अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रहा है तो मारपीट करने बाले इन गुंडों पर अब तक क्यों नहीं दर्ज हुई स्नढ्ढक्र । हालांकि एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए सामाजिक संगठन एवं पीड़ित परिवार ने साफ तौर पर कह दिया है कि अगर इन गुंडे प्रवित्ति के जूनियर डॉक्टर के खिलाफ द्ब.द्ब.ह्र. नहीं होती है तो हम अपने पूरे समाज एवं सामाजिक संगठन के साथ आंदोलन करने को मजबूर होकर सड़क पर उतरेंगे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478